


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659

वर्ष- 15 अंक - 10 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 22 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 : दूसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

# पहले दिन प्रदेश भर में पांच लोगों ने दाखिल किया नामांकन, दुर्ग जिले में नहीं आया एक भी नामांकन

## 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 30 अक्टूबर तक अभ्यर्थी कर सकेंगे नामांकन दाखिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव -2023 के तहत दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। दूसरे चरणमें छत्तीसगढ़ की 70 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। द्वितीय चरण के विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज नामांकन के पहले दिन 5 अभ्यर्थियों ने कुल 5 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। वहीं दुर्ग जिले सहित कई जिलों में नामांकन निरंक रहा।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग तथा सरगुजा संभाग के कुल 70 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। प्रदेश में द्वितीय चरण में हो रहे निर्वाचन के लिए प्रत्याशी 30 अक्टूबर 2023 तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को होगी। अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 2 नवम्बर हैं।




### दूसरे चरण में इन विधानसभा क्षेत्रों में होंगे चुनाव

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में भरतपुर-सोनहट, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी बालोद, डोंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवंबर 2023 को मतदान होगा। प्रथम तथा द्वितीय दोनों ही चरणों की मतगणना 3 दिसंबर 2023 को होगी।

### दुर्ग में 28 लोगों ने लिया नामांकन फॉर्म

दुर्ग जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के कुल 28 व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति हेतु जिला कार्यालय में पहुंचकर नामांकन फार्म लिया गया। किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नही भरा। प्रथम दिन दुर्ग में नामांकन निरंक रहा। वहीं प्रदेश भर में पांच लोगों ने नामांकन दाखिल किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रेमनगर, रायगढ़, मरवाही, बिलाईगढ़ और राजिम विधानसभा क्षेत्रों में 1-1 नामांकन पत्र दाखिल किया गया है।

### पहले चरण के लिए 253 अभ्यर्थियों के नामांकन वैध

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण के नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि समाप्त हो गई है। नामांकन दाखिले के बाद प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 253 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य पाए गए हैं। प्रथम चरण में 294 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था। जिसमें 41 नामांकन आमान्य रहे। प्रथम चरण में विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़ में 14, भानुप्रतापपुर में 15, कांकेर में 10, केशकाल में 10, कोंडागांव में 10, नारायणपुर में 9, बस्तर में 8, जगदलपुर में 13 और चित्रकोट में 7, दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 10 तथा कोंटा में 9 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य पाए गए हैं। इसी प्रकार खैरागढ़ में 11, डोंगरगढ़ में 13, राजनांदगांव में 35, डोंगरगांव में 15, खुज्जी में 10, मोहला-मानपुर में 10, कवर्धा में 21 तथा पंडरिया में 16 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य पाए गए हैं। प्रथम चरण के विधानसभा क्षेत्रों के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है। प्रथम चरण के लिए मतदान तिथि 7 नवंबर को है।

## खास-खबर

### जांच के दौरान कारोबारी से 34.67 लाख रुपए जब्त, आयकर विभाग को दी घटना की जानकारी

**रायपुर।** आदर्श आचार संहित के मद्देनजर चल रही चेकिंग के दौरान कारोबारी हेमंत मेघानी निवासी पुरानी बस्ती से 34 लाख 67 हजार रुपये जब्त किए गए। पुलिस अब इसकी सूचना आयकर विभाग को देगी।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के परिपालन में पुलिस महानिरीक्षक रेंज जिला रायपुर आरएल डांगी और एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में थाना प्रभारियों सहित पुलिस बलों द्वारा जिला के समस्त थाना क्षेत्रों में फिक्स चेकिंग पाइंट लगाकर जांच के निर्देश दिए हैं।

साथ ही पैदल पेट्रोलिंग कर आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए समस्त प्रकार के वाहनों में अवैध रूप से शराब परिवहन, चुनाव से संबंधित अन्य सामग्री सहित अन्य संदिग्ध वस्तुओं की सघन चेकिंग करने के साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखकर लगातार चेकिंग की जा रही है।

शनिवार को थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत तेलघानी नाका स्थित नेमीचंद गली पास एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पैदल पेट्रोलिंग करने के साथ दोपहिया, चारपहिया वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ज्यूपीटर वाहन में सवार एक व्यक्ति बैग में कुछ सामान लेकर जा रहा था, जिसे टीम के सदस्यों द्वारा रोकवाकर बैग को चेक किया गया।

#### आयकर विभाग को दी सूचना

बैग को चेक करने पर उसमें नकदी रकम रखा होना पाया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम हेमंत मेघानी निवासी लाखेनगर पुरानी बस्ती रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा नकदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा हेमंत मेघानी के पास रखें नकदी रकम 34 लाख 67 हजार रुपये को जब्त कर इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जा रही है।

### भूकंप से फिर डोली धरती, दिल्ली-एनसीआर से बिहार तक महसूस हुए झटके; 6.1 रही तीव्रता

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एक बार फिर भूकंप से धरती डोली है। जिसके झटके दिल्ली, एनसीआर और बिहार तक महसूस किए गए। इसका केंद्र नेपाल की राजधानी काठमांडू बताया जा रहा है। भूकंप रविवार को सुबह-सुबह महसूस किया गया। इसकी तीव्रता 6.1 तीव्रता रही। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र ने कहा कि भूकंप का केंद्र धाडिंग जिले में था और यह सुबह करीब 7:39 बजे दर्ज किया गया।

नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि रविवार सुबह नेपाल में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें कहा गया है कि भूकंप का केंद्र धाडिंग में था, जो राजधानी काठमांडू से लगभग 55 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि भूकंप 13 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप के कारण किसी की मौत या क्षति की कोई रिपोर्ट नहीं है। झटका बागमती और गंडकी प्रांत के अन्य जिलों में भी महसूस किया गया।

## पुणे में चार दिन के अंदर हादसे का शिकार हुआ एक और ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट, पायलट-ट्रेनर घायल

**पुणे ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के पुणे में एक ट्रेनिंग सत्र के दौरान ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश होने की खबर है। बताया गया है कि यह विमान पुणे जिले के गोजुबावी गांव के पास क्रैश हुआ है। जिले की ग्रामीण पुलिस ने यह जानकारी दी है। मौके पर राहत-बचाव कार्य के लिए टीमों को रवाना किया गया है।




जानकारी के मुताबिक, क्रैश हुआ ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट एक निजी एविएशन एकेडमी- रेडबर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग एकेडमी का था। इस दुर्घटना में ट्रेनी पायलट और ट्रेनर बुरी तरह घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 8 बजे हुई। घायलों को तुरंत ही नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होकर गिरने का कारण अब तक सामने नहीं आया है।

## बदला मौसम का मिजाज: छत्तीसगढ़ में गुलाबी ठंड की दस्तक, दो दिनों में गिरेगा पारा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रात में हल्की ठंड लगने लगी है। अभी ठंड और बढ़ेगी इसके साथ मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। इसके साथ ही तापमान में भी गिरावट का सिलसिला जा रही है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। आगामी दो दिनों तक प्रदेश में ऐसे ही मौसम रहने की संभावना है।



मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में आने वाले दो दिनों में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस गिरावट की संभावना है। बीते दिनों प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 35 डिग्री तिल्दा में दर्ज किया गया है। इसके साथ ही सबसे कम न्यूनतम तापमान 14 डिग्री कोरिया और बलरामपुर में दर्ज किया गया है।

प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में देर रात के साथ थी सुबह-सुबह हल्की ठंड लगने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार, मौसम का मिजाज कुछ दिनों तक ऐसे ही रहने की संभावना है। कुछ दिनों के बाद ठंड बढ़ने की संभावना है। इसके साथ ही तापमान में गिरावट दर्ज किया जाएगा।

ठंड बढ़ने के साथ ही अब तापमान में गिरावट आएगी। बीते दिनों शनिवार को राजधानी रायपुर में न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है। आज रविवार को रायपुर में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

## एलएसी पर चीन ने बिछाया सड़कों, हेलीपैड का जाल, पेंटागन की रिपोर्ट में खुलासा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि चीन ने भारत से लगती एलएसी पर साल 2022 में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य किया है। भारत से बढ़ते तनाव के बीच चीन ने एलएसी पर बड़े पैमाने पर नई सड़कों, सैन्य और नागरिक दोनों उपयोग के लिए एयरपोर्ट और कई हेलीपैड बनाए हैं। पेंटागन ने 'मिलिट्री एंड सिक्योरिटी डेवलपमेंट्स इन्वोल्विंग द पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना' नाम से यह रिपोर्ट जारी की है।

#### पेंटागन की रिपोर्ट में खुलासा

रिपोर्ट में कहा गया है मई 2020 में भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव बढ़ा, जिसके बाद चीन की सेना पीएलए की वेस्टर्न थिएटर कमांड का ध्यान इस ओर गया है। भारत और चीन के बीच सीमा पर सरहदबंदी को लेकर स्थिति साफ नहीं है, जिसके चलते दोनों देशों के बीच अक्सर सीमा पर विवाद होता रहा है। हालांकि 2020 के बाद से यह तनाव काफी बढ़ गया है। यही वजह है कि दोनों तरफ से एलएसी पर बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य किया गया है। वेस्टर्न थिएटर कमांड ने एलएसी पर बड़े पैमाने पर सैनिकों की तैनाती भी की हुई है। खासकर गलवान घाटी में भारतीय सेना के साथ हुई हिंसक झड़प के बाद से सीमा पर दोनों तरफ बड़ी संख्या में सैनिक तैनात हैं।



#### भारत चीन के बीच बातचीत में नहीं हुई खास प्रगति

रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों पक्षों में तनाव को कम करने के लिए बातचीत हो रही है लेकिन अभी तक इस दिशा में खास प्रगति नहीं हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में चीनी सेना एलएसी पर निर्माण कर रही है। इसके तहत डोकलाम में जमीन के अंदर स्टोरेज की सुविधा बनाई गई है। एलएसी के तीनों सेक्टर में नई सड़कें बनाई गई हैं और भूटान से लगती सीमा पर नए गांव बसाए गए हैं। पैंगोंग झील पर दूसरा पुल बनाया गया है और एक एयरपोर्ट और कई हेलीपैड भी बनाए गए हैं। पेंटागन की रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने साल 2022 में एक बॉर्डर रेजीमेंट तैनात की थी और उसकी मदद के लिए शिनजियांग और तिब्बत मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट की दो डिविजन भी तैनात की गई हैं। इनके साथ चार कंबाइंड आर्म्ड ब्रिगेड भी वेस्टर्न सेक्टर में एलएसी पर तैनात की गई हैं। तीन कंबाइंड आर्म्स ब्रिगेड ईस्टर्न सेक्टर में और तीन ब्रिगेड सेंट्रल सेक्टर में तैनात की गई हैं। हालांकि कुछ ब्रिगेड को एलएसी से हटा लिया गया था लेकिन अधिकतर सैनिक फिलहाल एलएसी पर तैनात हैं।

## नवरात्रि के पावन पर्व पर इस देवी को नमन

श्रीकंचनपथ




नवरात्रि का पर्व चल रहा है। दिन में पूजा और रात को गरबा की धूम है। लोग गरबा गीतों पर झूम रहे हैं, नाच रहे हैं। भक्ति, श्रद्धा और आस्था हो तो भाषा कोई मायने नहीं रखती। छत्तीसगढ़ में फिलहाल चुनावी मौसम भी है। लोग एक अच्छा प्रत्याशी, एक अच्छी पार्टी को चुनने के लिए कमर कस रहे हैं। ऐसे समय में सुदूर आदिवासी अंचल से निकलकर एक महिला का नाम भी सामने आता है। वे एक शिक्षिका हैं पर देश के लिए, देश की भावी पीढ़ी के लिए कुछ करने का उनके पास जो जज्बा है, बहुत कम लोगों में देखने को मिलता है। जो एक अदद टिकट के लिए घमासान मचाते हैं, अपनी जीत के लिए दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं, उन्हें ऐसे लोगों से सीख लेनी चाहिए। वैसे भी, जिनके पास काम होता है, उन्हें औरों की तरफदेखने की फुर्सत ही कहां होती हैं। वे तो कर्मयोगी होते हैं। एक ऐसी ही शिक्षिका है धमतरी जिला अंतर्गत मगरलोड ब्लाक के ग्राम लुगे की शिक्षिका रंजीता साहू। उन्होंने वनांचल के बच्चों को स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए 10 लाख रुपए का ऋण लिया है। इस रकम से उन्होंने 105 स्कूलों में स्मार्ट टीवी लगवाया है। इसका उपयोग इन बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने, ऑडियो-विजुअल के माध्यम से विज्ञान और भूगोल जैसे विषयों को सरल बनाने के लिए किया जा रहा है। रंजीता की समाजसेवा यहीं तक सीमित नहीं है। उन्होंने अपने आधा एकड़ खेत को तालाब में बदल दिया है ताकि यहां भूजल स्तर सुरक्षित रहे और धरती की नमी बनी रहे। साथ ही उन्होंने लगभग तीन हजार चन्दन के पौधे इन स्कूलों में रोपे हैं। आज के इस युग में ऐसा कौन करता है भला? ऐसे लोगों को समाज पागल की संज्ञा देता है। वैसे छत्तीसगढ़ की पावन भूमि पर ऐसे पागलों की कोई कमी भी नहीं है। अपना सबकुछ- स्कूल, कालेज, मठ और मंदिर को दान कर देने वाले मनीषियों के किस्से यहां आम हैं। कहते हैं, एक नारी शिक्षित होती है तो पूरा समाज शिक्षित होता है। रंजीता इसकी जीवंत मिसाल हैं। उनका विद्यादान और जागरूकता अभियान केवल अध्यापन तक सीमित नहीं है। वे अपने आचरण से भी लोगों को समाज सेवा के लिए, प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित कर रही हैं। राजनांदगांव की फुलबासन यादव, गुण्डरदेही की शमशाद बेगम भी ऐसी ही महिलाएं हैं जो अपना पूरा समय महिलाओं की स्थिति सुधारने में लगा रही हैं। वे जानती हैं कि महिला सशक्त होगी तो परिवार मजबूत होगा। परिवार मजबूत होगा तो बच्चे शिक्षित होंगे। बच्चे शिक्षित होंगे तो समाज सुदृढ़ होगा और समाज सुदृढ़ होगा तो देश अपने आप मजबूत हो जाएगा। ये राजनीति से दूर हैं। अपना काम कर रही हैं। देश की सेवा करने के लिए इन्हें किसी भी पार्टी के टिकट की, किसी भी पद की कोई जरूरत नहीं है।



## संपादकीय

# भटकी हुई प्राथमिकताएं

तमाम संकेत हैं कि नरेंद्र मोदी सरकार ने 2036 के ओलिंपिक खेलों के आयोजन की मेजबानी पर दावा जताने का मन बना लिया है। यह संभवत: प्रधानमंत्री की अगले चुनाव के लिए तैयार किए जा रहे नैरेटिव का हिस्सा होगा। खबर है कि नीति आयोग के विशेषज्ञ एक दस्तावेज तैयार करने में जुटे हुए हैं, जिसके आधार पर 'अमृतकाल' में ही भारत को विकसित देश बना देने का खाका खींचा जाएगा। इस खाके को विश्वसनीय बनाने के लिए जो कहानियां इसमें जोड़ी जाएंगी, उनमें गगनयान, 2040 तक चांद पर किसी भारतीय को भेजने की योजना आदि के साथ-साथ ओलिंपिक की मेजबानी को भी शामिल किया जाएगा। जिस समय ओलिंपिक खेलों की मेजबानी की बढ़ती कीमत और इसको लेकर अक्सर मेजबान देश में विवाद बढ़ते जा रहे हैं, मुमकिन है कि भारत को यह मेजबानी मिल भी जाए। अगर यह मिली, तो फिर मेजबानी से भारतीय अर्थव्यवस्था को होने वाले फायदों की कहानी भी प्रचारित की जाएगी। इसीलिए इस पर गौर कर लेना उचित होगा कि आखिर मेजबानी कितनी फायदेमंद होती है। एक आकलन के मुताबिक दावेदारी पेश करने की प्रक्रिया में ही अब संबंधित देशों को 10 करोड़ डॉलर तक का खर्च करना पड़ता है। उसके बाद जरूरी निर्माण की चुनौती आती है। इसमें ज्यादातर खर्च मेजबान देश को ही करना पड़ता है। ओलिंपिक की मेजबानी में किस तरह कई शहर कर्ज के बोझ में दब गए, इसकी कहानियां अब बहुचर्चित हो गई हैं। मसलन, कनाडा के शहर मॉन्ट्रियल को अपना कर्ज उतारने में 30 वर्ष लगे, जबकि 2004 में एथेंस में हुई मेजबानी का ग्रीस को वित्तीय संकट में फंसाने में बड़ा योगदान रहा, तो 2014 ब्राजील के शहर रियो द जनेरो को उबारने के लिए ब्राजील सरकार को अपने खजाने से 90 करोड़ डॉलर देने पड़े। 2021 में टोक्यो को भी खासा आर्थिक नुकसान हुआ। भारत में कहानी उससे अलग रहेगी, इसकी कोई संभावना नहीं है। इसलिए भारत जैसे विकासशील देश के लिए ओलिंपिक मेजबानी के चक्कर में फंसना भटकी हुई प्राथमिकता का परिणाम ही कहा जाएगा। संभव है कि इससे भाजपा अपना चुनावी ब्रांड चमकाने में सफल हो जाए, लेकिन वह चमक देश को महंगी पड़ेगी।

> “ भारत जैसे विकासशील देश के लिए ओलिंपिक मेजबानी के चक्कर में फंसना भटकी हुई प्राथमिकता का परिणाम ही कहा जाएगा। संभव है कि इससे भाजपा अपना चुनावी ब्रांड चमकाने में सफल हो जाए, लेकिन वह चमक देश को महंगी पड़ेगी।

## कांग्रेस राष्ट्रीय गठबंधन नहीं करेगी

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन करे। उन्होंने मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए कुछ सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और अब चाहते हैं कि वो सीटें कांग्रेस छोड़ दे। हालांकि कांग्रेस इसके लिए तैयार नहीं हो रही है। कांग्रेस का कहना है कि वह भी समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन चाहती है लेकिन सपा पहले से घोषित अपनी सीटों पर लड़ने के लिए अड़ी है। इस गतिरोध के बीच अखिलेश यादव ने कहा है कि कांग्रेस को तय करना है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन करेगी या राज्य के स्तर पर। इस पर कांग्रेस के एक जानकार नेता का कहना है कि कांग्रेस स्वाभाविक रूप से राज्यों के स्तर पर गठबंधन करेगी। वह क्यों प्रादेशिक पार्टियों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन करे? असल में कांग्रेस के साथ विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर तालमेल की बात कर रही हैं। इससे सभी पार्टियों के लिए कुछ सीटें छोड़नी होंगी। जैसे सपा अभी मध्य प्रदेश में मांग रही है सीट तो एनसीपी किसी और राज्य में मांगेगी, राजद की मांग किसी और राज्य में होगी तो जदयू कहीं और सीट मांगेगी। इससे कांग्रेस का अपनी समीकरण बिगड़ेगा। इसलिए कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वह राज्यों में प्रादेशिक पार्टियों की स्थिति का आकलन करने के बाद ही तालमेल करेगी। दूसरी ओर प्रादेशिक पार्टियां भी उसके साथ ऐसा ही बरताव करेंगी। वे भी अपने असर वाले राज्यों में कांग्रेस की स्थिति का आकलन करके उसके लिए सीट छोड़ेंगी।

## मोदी का चेहरा कितना फर्क डालेगा ?

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में दो राज्य- तेलंगाना और मिजोरम ऐसे हैं, जहां भाजपा कभी मजबूत नहीं रही है। न विधानसभा चुनावों में उसकी चुनौती को गंभीरता से लिया गया है। इस बार भी दोनों राज्यों में भाजपा लड़ रही है लेकिन वह किसी के लिए चुनौती नहीं है। हां, बाकि तीन राज्यों में वह बहुत गंभीरता से पहले भी लड़ती रही है और अब भी लड़ रही है। इस बार फर्क यह है कि अब तक इन राज्यों में भाजपा प्रादेशिक क्षत्रपों के नाम और काम पर लड़ती थी, इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर लड़ रही है। प्रधानमंत्री ने खुद ऐलान किया है कि इस बार के चुनाव में कमल का फूल ही चेहरा है। मध्य प्रदेश में तो प्रचार के जो रथ निकले हैं उन पर नारा लिखा है- मोदी के मन में बसता है एमपी और एमपी के मन में मोदी। प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के लोगों के नाम एक खुली चिट्ठी भी लिखी है। तभी सवाल है कि मोदी का चेहरा चुनाव में कितना फर्क डालेगा?

मध्य प्रदेश में विधानसभा का चुनाव कभी भी बड़े अंतर वाला नहीं रहा है। पिछली बार यानी 2018 में जब कांग्रेस पार्टी जीती थी, तब भी कांग्रेस और भाजपा के वोट में एक फीसदी से कम का अंतर था और वोट के लिहाज से भाजपा बड़ी पार्टी थी। पिछला चुनाव शिवराज सिंह चौहान के चेहरे पर लड़ा गया था, जो 12 साल से ज्यादा समय से लगातार मुख्यमंत्री थे। इसके बावजूद पूरे राज्य में उनके खिलाफ नाराजगी की कोई लहर नहीं दिख रही थी। यह जरूर हो रहा था कि प्रचार में राम मनोहर लोहिया का यह नारा सुनने को मिला था कि तवे पर रोटी को उलटते-पलटते रहना चाहिए नहीं तो रोटी जल जाती है। तभी ऐसा लगा कि लोगों ने सिर्फ बदलाव के लिए बदलाव कर दिया और कांग्रेस को भाजपा से ज्यादा सीटें आ गईं। पांच साल बाद भी हालात बहुत नहीं बदले हैं।

शिवराज के खिलाफ अब भी कोई नाराजगी की लहर नहीं है लेकिन भाजपा आलाकमान ने खुद ही उनकी नैतिक सत्ता कमजोर कर दी है। उनके नाम और काम पर चुनाव लड़ने की बजाय भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नाम और काम पर लड़ रही है। अगर मोदी का नाम भाजपा के पारंपरिक वोट में एक फीसदी का भी इजाफ कर दे तो तस्वीर बदल जाएगी। ध्यान रहे पिछले चुनाव में कांग्रेस ने जो 114 सीटें जीती थीं उनमें 40 सीटें ऐसी थीं, जिन पर वह 10 हजार से कम वोट जीती थी और भाजपा ने 109 में 44 सीटों पर 10 हजार से कम अंतर से जीत दर्ज की थी। कम अंतर से जीत-हार वाली इन 84 सीटों पर जो समीकरण बनेगा उससे मध्य प्रदेश का नतीजा तय होगा। प्रधानमंत्री मोदी अपना जादू चला कर इन सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं तो दूसरी ओर एकजुट होकर लड़ रही कांग्रेस शिवराज को किनारे किए जाने का फायदा मिलने की उम्मीद में है।

राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा के बीच पिछले चुनाव में एक फीसदी से थोड़े ज्यादा वोट का अंतर था। कांग्रेस को 39.3 और भाजपा को 38.08 फीसदी वोट मिले थे। इतने भर से 27 सीटों का अंतर आ गया था। पिछली बार भाजपा वसुंधरा राजे के चेहरे पर लड़ी थी। वे पांच साल से मुख्यमंत्री थीं। इस वजह से उनकी सरकार के खिलाफ एंटी इन्कम्बैंसी भी थी। दूसरे राजस्थान में पांच साल में सत्ता बदलने का रिवाज रहा है। 1993 के बाद से कोई भी सरकार रिपीट नहीं हुई है। यह बात कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ जाती है। फिर भी उन्होंने अपने कार्यकाल के आखिरी साल में बहुत मेहनत की है और अनेक बड़ी योजनाओं की घोषणा की है। लोक लुभावन घोषणाओं और लाभार्थी वोट के दम पर गहलोत कड़ी टक्कर देने की उम्मीद कर रहे हैं। उनको भी प्रदेश के किसी नेता से नहीं लड़ना है।

> “ साम्यवादी चीन तक इसकी चपेट में है। पिछले हफ्ते बीजिंग में एक इजरायली राजनयिक पर धार्मिक नारा लगाते हुए युवक ने चाकू से हमला कर दिया। हमले के कारणों का आधिकारिक खुलासा नहीं किया गया है, पर अधिकतम लोग इसे इजरायल और हमास की जंग से जोड़कर देख रहे हैं। चीन के कुछ प्रांतों में धार्मिक आधार पर पहले से सरकारी भेदभाव होता आया है। इसने अल्पसंख्यकों में असंतोष और अलगाव के भाव पैदा कर दिए हैं।

# दसों दिशाओं से आते दशानन

शशि शेखर



वे उन विनाशक टिड्डी दलों की भांति लौट आए हैं, जिन्हें दूसरों की उगाई फसल चट करने के लिए खास मौसम का इंतजार रहता है। युद्ध, चुनाव, दंगे और विभीषिकाओं से उन्हें रक्तबीज की तरह और पनपने की शक्ति मिलती है। अपनी गुमनाम खोहों में छिपे हुए वे घात लगाकर ऐसे हालात बनने का इंतजार करते हैं और हल्का सा धुआं उठते ही सक्रिय हो जाते हैं। उन्हें तब तक चैन नहीं पड़ता, जब तक छोटी-सी चिनगारी भी दावानल न बन जाए।

**मैं सोशल मीडिया के पर्दानशीं 'सुपारी किलर्स' की बात कर रहा हूं।**

वे कितने घातक हैं, इसका अंदाज सिर्फ एक घटना से लग सकता है। बीती 14 अक्टूबर को शिकागो में छह साल का फिलिस्तीनी-अमेरिकी बच्चा क्षत-विक्षत पाया गया। उस पर मकान मालिक जोसेफ कबुजा ने 26 बार चाकू से हमला किया था। अपने बेटे को बचाने के चक्कर में मां को भी घातक प्रहार झेलने पड़े। मां का दावा है कि कबुजा ने हमला करते वक्त जो शब्द कहे, वे सांप्रदायिक और नस्लीय घृणा से सराबोर थे। पुलिस ने कबुजा पर कत्ल, हत्या के प्रयास और घृणा-अपराध का मुकदमा दायर किया है।

**इस हत्याकांड ने अमेरिकियों को दहला दिया है।**

उनका भय जायज है। वहां जिस तेजी से घृणा-अपराध पनप रहे हैं, उसने इस महादेश की लोकतांत्रिक बुनियाद हिला दी है। इस आंकड़े पर गौर फरमाइए। अकेले साल 2021 में घृणा-अपराधों की वारदातों में 11.6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। समाजशास्त्रियों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में इन अपराधों में और अधिक बढ़ोतरी दर्ज होगी।

इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि कुछ आशंकित, आतंकित अथवा बिके हुए लोग गैरों के ऊपर आए संकट को समुदाय विशेष पर मंडरा रहे खतरे के रूप में पेश करने लगते हैं। अपने मायावी तर्कों से वे जिस तरह मुल्क-दर-मुल्क प्रमाद फैलाने में कामयाब हो रहे हैं, उससे बहुसंख्यकवाद के पांव पसारने की आशंकाएं बढ़ गई हैं। उनके कुतर्कों का दुष्प्रभाव धरती के हर कोने में पनपती नफरती हिंसा में बढ़ोतरी से महसूस किया जा सकता है।

**फिलवक्त गाजा पट्टी का हृदय विदारक रक्तपात उन्हें बल प्रदान कर रहा है।**

एक और उदाहरण देता हूं। पिछले हफ्ते फ्रांस में एक चेचन शरणार्थी ने स्कूली शिक्षक की हत्या कर दी। अधिकारियों का मानना है कि यह घटना गाजा की हलचल से प्रभावित है। आंकड़ों से मन मुताबिक खिलवाड़ करने वाले 'ट्रोलर्स' को इसने नई जमीन मुहैया करवा दी है। प्यू रिसर्च के मुताबिक, जिस रफ्तार से पश्चिम एशिया से यूरोप की ओर पलायन हो रहा है, उससे अगले 25-30 सालों में फ्रांस में मौजूदा मुस्लिम आबादी में दो गुना इजाफा हो सकता है। सोशल मीडिया के कीमियागर इसे यह कहकर प्रचारित कर रहे हैं कि जो काम मध्य-युग में बर्बर अरब लड़ाके न कर सके, उसे ये शरणार्थी करने में कामयाब हो रहे हैं। समूचा यूरोप इस तरह के बयानों से बेचैन है।

**यह बेचैनी नव-नाजीवाद को जन्म दे रही है।**

हिटलर के वक्त सिर्फ यहूदी इस दुष्प्रवृत्ति के शिकार बने, पर अब इसकी जद में सभी धर्म, वर्ण, रंग, नस्ल और क्षेत्र आ गए हैं। यूरोप में यहूदियों के खिलाफ बढ़ती हिंसा और कनाडा सहित कुछ पश्चिमी देशों में हिंदू मंदिरों पर हुए हमले इसकी मिसाल हैं। मुस्लिम अल्पसंख्यकों के प्रति उफनता आक्रोश तो अमेरिका में कई सिखों को चोट पहुंचा चुका है। घृणा से बजबजाते लोग उन्हें अरब मान बैठते हैं।

**ऐसा नहीं है कि यह सिर्फ 'उदारवादी' पश्चिम में हो रहा है।**

साम्यवादी चीन तक इसकी चपेट में है। पिछले हफ्ते बीजिंग में एक इजरायली राजनयिक पर धार्मिक नारा लगाते हुए युवक ने चाकू से हमला कर दिया। हमले के कारणों का आधिकारिक खुलासा नहीं किया गया है, पर अधिकतम लोग इसे इजरायल और हमास की जंग से जोड़कर देख रहे हैं। चीन के कुछ प्रांतों में धार्मिक आधार पर पहले से सरकारी भेदभाव होता आया है। इसने अल्पसंख्यकों में असंतोष और अलगाव के भाव पैदा कर दिए हैं।

**अब अपने देश पर आते हैं।**

भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता में घृणा-अपराध को परिभाषित नहीं किया गया है, लिहाजा 'नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो' इस श्रेणी के तहत आंकड़े इकट्ठे नहीं करता, पर इसका यह मतलब कतई नहीं है कि हमारे यहां घृणा-अपराध नहीं होते। तथाकथित गौ तस्करों पर हमले, आपसी वाद-विवाद पर हो जाने वाली मामूली वारदातें, उदयपुर अथवा अन्य स्थानों पर निरपराध लोगों की हत्या और झारखंड में जादू-टोने के नाम पर हुई जानलेवा घटनाएं इसकी गवाह हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक तौर पर इनकी लानत-मलामत कर चुके हैं। इसके बावजूद सोशल मीडिया के अदृश्य आक्रामक परदेसी भूमि से 'काम' पर जुटे हैं। पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा और फिर कुछ महीने में आने वाले आम चुनाव ने इन्हें नया मौका मुहैया करा दिया है।

आप स्वयं महसूस कर रहे होंगे कि पिछले कुछ हफ्तों से नफ्रत फैलाने वाले बोल-वचनों की बाढ़ आ गई है। ये लोग किसी राजनीतिक खानदान, शासन-प्रशासन से जुड़ी शख्सियत और नामी लोगों के बहाने अपनी बात प्रभावशाली तरीके से कहते हैं। इन्हें ऐतिहासिक घटनाओं को तोड़-मरोड़कर पेश करने में महारत हासिल है। सच को झूठ और निरे झूठ को खरे सत्य के तौर पर परोसने के इस करतब ने नई पीढ़ी को असलियत से दूर करना शुरू कर दिया है।

**सवाल उठता है, इनसे निजात कैसे मिले?**

जवाब के लिए बहुत सिर खपाने की जरूरत नहीं है। चुनाव और युद्ध ने अगर उन्हें अपने खंजर पैने करने के अवसर दे दिए हैं, तो हमें भी हमारी संस्कृति ने एक नेमत दी है। मंगलवार को विजय-दशमी है। उस शाम शहर-दर-शहर, मोहल्ले-दर-मोहल्ले पाप के प्रतीक रावण के पुतले फूंके जाएंगे। एक बार खुद के अंदर झांकिए और साहस संजोकर सोशल मीडिया पर इनका जवाब देना शुरू कर दीजिए। यकीन मानें। नफरत के तिजारतियों से मुहब्बत और भाईचारे में यकीन रखने वाले कई गुना अधिक हैं। वे अपने बच्चों के लिए सृजनकारी समाज रचना चाहते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम की घर वापसी के त्योहार पर सामाजिक मर्यादा की रक्षा के लिए उन्हें चुप्पी तोड़नी चाहिए। आप इस मौके को दस्तूर में बदल सकते हैं।

पुरखों-पुरोहितों के मुंह से राम-राज्य की चर्चा सुनते-सुनते आपके मन में कई बार सवाल उठा होगा- कैसा था राम राज्य महर्षि वाल्मीकि के मुंह से सुनिए-

**निर्दस्युरभवल्लोको नानर्थः कन् चिदस्पृशकत्।।**

**न च स्म वृद्धा बालानां प्रेतकार्याणि कुर्वते।।**

'अर्थात् रामराज्य में कहीं चोरों और लुटेरों के नाम भी नहीं सुने जाते थे। कोई मनुष्य अनर्थकारी कार्यों में हाथ नहीं डालता था और न ही बूढ़ों को बालकों के अंत्येष्टि-संस्कार करने पड़ते थे। बालकों के अंत्येष्टि-संस्कार! उम्मीद है, आप समझ गए होंगे।

# संतुलन साधना मैंने मां अष्टभुजा से ही सीखा

माला पाल, मूर्तिकार

देश भर में दुर्गापूजा की धूम है, देवी प्रतिमाओं की कलात्मकता और उनके मूर्तिकारों के कला-कौशल पर दर्शनार्थी लहालोट हो रहे होंगे, पर सच यही है कि कलाकार हमेशा नेपथ्य में रह जाता है। उसकी रचनाधर्मिता और जीवन के संघर्षों को प्राय: आम लोग नहीं जान पाते। कोलकाता की दुर्गापूजा तो अपनी भव्यता-दिव्यता और ऐतिहासिकता के लिए यूनेस्को की धरोहर-सूची में शामिल हो चुकी है, मगर वहां की एक और धरोहर हैं, जिनके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। उनका नाम है माला पाल। दावा किया जाता है कि देवी प्रतिमा बनाने वाली वह पहली महिला मूर्तिकार हैं।

कोलकाता में मूर्तिकारों का मशहूर इलाका है कुमारटुली, यहीं पर आज से करीब चार दशक पहले माला पैदा हुईं। पिता मूर्तियां बनाया करते थे और उनका अपना स्टूडियो था। मगर सामाजिक रूढ़ियों ने जिस तरह रोजगार के कई क्षेत्रों को सिर्फ मर्दों के लिए आरक्षित कर रखा था, देव प्रतिमाओं के निर्माण के काम में भी स्त्रियों के प्रवेश की मनाही थी। माला के पिता एक परंपरावादी शख्स थे, इसलिए छोटी बेटी को स्टूडियो में आने की इजाजत नहीं थी। नन्ही माला को अजीब सा लगता कि दादा (बड़े भाई) स्टूडियो जा सकते हैं, तो मैं क्यों नहीं? मगर रूढ़ियां अनहोनी के घटने का भय अपने साथ लिए चलती हैं। जाहिर है, माला को भी आसानी से तब बहला दिया गया। मगर माला के अंदर नैसर्गिक प्रतिभा थी, वह देव मूर्तियां नहीं बना सकती थीं, तो मिट्टी के बर्तन और दूसरे खिलौने बनाया करतीं। बड़े भाई गोबिंदो पाल अपनी बहन की दिली हसरत को जानते थे; बदलते दौर के साथ कई सारी रूढ़ियों के टूटने से वाकिफ भी थे, मगर बाबा के सख्त आदेश के आगे वह भी विवश थे। बहरहाल, कुदरत माला के मूर्तिकार को उनके अंदर तराशती रही।



साल 1985 की बात है। माला तब चौदह साल की थीं। पिता की मृत्यु के साथ ही स्टूडियो की पूरी जिम्मेदारी बड़े भाई के कंधों पर आ चुकी थी। कारोबार खराब स्थिति में था और गोबिंदो को किसी की मदद की दरकार थी। माला के लिए यही मौका था कि वह न सिर्फ तमाम वर्जनाओं को तोड़कर अपने भाई और पारिवारिक कारोबार की मदद करें, बल्कि बचपन की चाहत को भी जी सकें! गोबिंदो ने बहन को सहर्ष इसकी अनुमति दे दी। माला ने शुरू में मूर्तियों के आभूषण बनाने का काम किया, फिर छोटी-छोटी मूर्तियों के निर्माण के जरिये वह इस कला में महारत हासिल करती गईं।

देवी प्रसन्न तो उन पर पहले से ही थीं, माला के स्पर्श में उन्होंने जादू भर दिया। धीरे-धीरे वह इतनी कुशल हो गईं कि गोबिंदो उन पर स्टूडियो छोड़कर बाहर निकलने लगे। मगर माला को अभी सामाजिक स्वीकृति नहीं मिली थी। मां दुर्गा ने एक दिन यह भी संभव कर दिया। गोबिंदो किसी काम से कोलकाता से बाहर गए थे, अचानक मौसम बिगड़ गया और वह फंस गए। इधर खरीदार स्टूडियो के आगे अपनी प्रतिमा के लिए प्रतीक्षा में खड़े थे। वक्त बीतता जा रहा था और खरीदारों का धैर्य भी जवाब देने लगा था। तब माला ने चुनौती कबूल की और प्रतिमा का बाकी काम पूरा करने में जुट गईं। लोगों ने देखा, तो उनके सुघड़ काम को देख वे दंग रह गए। माला को सामाजिक मान्यता मिल गई थी।

माला अपने कला-कर्म से बहुत खुश थीं। मगर दस्तूर के मुताबिक कुछ सालों बाद जब भानु रुद्र पाल से उनका विवाह हुआ, तो एक बार फिर उनके सामने मुश्किल आ खड़ी हुई। दरअसल, भानु तो उनकी कला के कद्रदान थे, मगर उनके माता-पिता को बहू का काम करना पसंद न था। उन्होंने दबाव बनाना शुरू कर दिया कि माला मूर्तियां बनाना छोड़ घर की जिम्मेदारियां संभालें। ऐसे वक्त में भानु ने पत्नी का खुलकर साथ दिया और माला का काम जारी रहा। जल्द ही उनकी जिंदगी में एक बिटिया भी आ गई, पर चूंकि पति का साथ था, तो उन्हें बेटी की परवरिश और काम के बीच संतुलन साधने में खास परेशानी नहीं हुई।

आहिस्ता-आहिस्ता बात मीडिया तक पहुंची कि एक स्त्री पुरानी रूढ़ियों को तोड़कर बेजोड़ देव प्रतिमाएं बना रही है, तो पत्रकार व कला-प्रेमी उनसे मिलने आने लगे। अब माला को अपनी कला-प्रतिभा का लोहा उस तबके से मनवाना था, जो मूर्ति व शिल्प कला का बौद्धिक वर्ग था। जिला व राज्य स्तर पर पुरस्कार जीतने और दिल्ली स्थित शिल्प-कला संग्रहालय से बुलावे के बाद लोग उन्हें गंभीरता से लेने लगे। कला में निखार के साथ माला के पास खरीदारों की कमी नहीं रही। उनकी लघु दुर्गा प्रतिमाओं की मांग ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोप के कई देशों से होने लगी। टेराकोटा के उनके आभूषणों की तो आज भी कोलकाता में बहुत मांग है।

मगर माला को एक मलाल हमेशा से रहा कि मूर्तिकला में उनके जैसे शिल्पकार परिवारों की नई नस्लों की अब रुचि नहीं है। एक दिन उन पर बनाए किसी यू-ट्यूबर की डॉक्यूमेंट्री को देखकर कुछ बच्चे उनसे मिलने आए और कहा कि वे इस कला को सीखना चाहते हैं। माला के मन में उसी पल यह विचार कौंधा कि अगर वह इन्हें सिखा सकीं, तो इनमें से कुछ अवश्य इस पारंपरिक कला को अगली पीढ़ियों तक ले जाएंगे। और इस तरह माला की पाठशाला की बुनियाद पड़ी। वह अब तक लगभग चालीस युवाओं-बच्चों को मूर्ति बनाना सिखा चुकी हैं। माला का सपना है कि उनके छात्र इस कला-क्षेत्र में पेशेवर रूप से कामयाब भी हों।

कोलकाता के कुमारटुली से निकलकर देश-दुनिया में अपनी पहचान बना चुकीं माला पाल ने एक मूर्तिकार, पत्नी, बहू, मां और शिक्षिका के बीच संतुलन कैसे बिठाया? इस सवाल पर वह अक्सर मुस्कराकर मां अष्टभुजा की ओर देखती हैं, और श्रद्धा से उनका सिर झुक जाता है!

**प्रस्तुति: चंद्रकांत सिंह**

# एक प्रकांड गणितज्ञ जो संन्यासी हो गए

स्वामी रामतीर्थ, गणितज्ञ धर्मगुरु

दुनिया भांति-भांति के लोगों से गुलजार है। राजाओं को याद किया जाता है और उनसे भी ज्यादा फकीरों को। वास्तव में, जो शख्स कुछ अलग हटकर जी लेता है, वही याद रह जाता है। लाहौर में थे एक अत्यंत मेधावी गणितज्ञ प्रोफेसर, जो अलग हटकर जीने की बेचैनी से भरे हुए थे। बहुत संघर्ष झेलते हुए प्रोफेसरी हाथ आई थी। जेब में 300 रुपये से ज्यादा हर महीने आने लगे थे, पर एक वह भी दौर था, जब महज तीन पैसे में पूरा दिन काटना पड़ता था। पूरे दिन में बस दो रोटियां मिलती थीं। लाहौर से अपने गांव मुरलीवाला जाने का किराया भी नहीं होता था और न पोस्टकार्ड के पैसे। साक्षात दिख जाता था कि भूखा आदमी कैसे सारी दुनिया से कट जाता है। हां, पढ़ाई के दिनों में छात्रवृत्ति के पैसे मिलते थे, मगर पिता और परिवार में ही ज्यादा खर्च होते थे। यह दुनिया बड़ी अजीब है, लोगों को पता भर लग जाए कि आप दयालु हैं, लोग मांग-मांगकर कंगाल करने में जुट जाते हैं। प्रोफेसर का भी यही हाल था। लोग अकेला नहीं छोड़ते थे। गांव से झुंड में पहुंचते थे। प्रोफेसर वेतन लेकर कॉलेज की सीढ़ियां उतरते थे, तो मांगने वाले नीचे तैयार खड़े मिलते।

गांव में पूजा-पाठ करके गुजारा करने वाले पिता भी छात्र जीवन से ही पुत्र पर निर्भर थे। पुत्र मेधावी था, तो पिता को लगता था कि लगाम कहीं हाथ से निकल न जाए। जबरन दस की उम्र में विवाह करा दिया। तब ज्यादातर विवाह पैरों में बेड़ियां डालने या जिम्मेदारी लादने के लिए ही किए जाते थे। वैसे, प्रोफेसर भी मामूली इंसान नहीं थे। जब भी किसी गणितज्ञ को गणित में समस्या होती, वही हल करते थे। वह भक्ति भाव से भी भरे हुए थे, पर गणित और अध्यात्म, दोनों पर दुनियादारी ओले-बारिश की तरह बरसती थी। खर्चे बढ़ते, तो उधारी भी लद जाती थी।

उन्हीं दिनों एक संयोग हुआ, प्रोफेसर ने अपने मित्रों के साथ मिलकर स्वामी विवेकानंद को लाहौर आमंत्रित किया। नवंबर 1897 में स्वामी विवेकानंद अपने देशी-विदेशी शिष्यों के साथ लाहौर पहुंचे। उन्हें हीरा-मंडी में राजा ध्यान सिंह की हवेली में ठहराया गया। भीड़ इतनी जुट जाती थी कि लोगों को बैठाना मुश्किल हो जाता था। यह अच्छा हुआ कि उन्हीं दिनों में शहर में बोस बाबू का सर्कस लगा हुआ था, तो उसके विशाल शामियाने में ही विवेकानंद के प्रवचन की व्यवस्था हुई। स्वामी जी अद्भुत थे, उनके पास हर सवाल का जवाब था। स्वामी जी प्रोफेसर के घर भी आए, भोजन किया, जीवन को लेकर चर्चा की और कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित किया। तब पंजाबियों में रिवाज था कि वह अपने प्रिय मेहमान को अपनी सबसे मूल्यवान चीज भेंट करते थे। जब स्वामी जी चलने लगे, तब प्रोफेसर ने अपनी सोने की घड़ी पेश कर दी। स्वामी जी मुस्कराने लगे। उन्होंने वह घड़ी वापस प्रोफेसर की जेब में डाल दी और कहा, मुझे इसकी जरूरत नहीं है, आप ही इसका उपयोग जारी रखिए।

प्रोफेसर साहब जब किसी को कोई चीज देते थे, तो किसी ने कभी मना नहीं किया था। जब स्वामी विवेकानंद ने मना किया, तब अचंभा हुआ कि दुनिया में ऐसे लोग भी होते हैं, जो स्वर्ण को ठुकरा सकते हैं। सोच की दिशा ही बदल गई। मैं क्यों कमाता और जुटाता हूं, इतने लोगों की जिम्मेदारी उठाने वाला मैं कौन? राष्ट्र और समाज के प्रखर प्रेमी विवेकानंद से प्राप्त ज्ञान निरंतर गूंजने लगा- 'यदि कोई चीज आपको शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक रूप से कमजोर बनाती है, तो उसे जहर की तरह अस्वीकार कर दीजिए। ...उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक तुम अपने लक्ष्य तक न पहुंच जाओ।'

एक दिन पैसे के लिए पिता का पत्र आया, तो पुत्र ने जवाब में लिख दिया, 'आपके बेटे तीरथराम का शरीर अब बिक गया है, यह भगवान को बेच दिया गया है! अब यह उसका अपना नहीं रहा। आज दिवाली है, मैंने जुए में अपना शरीर गंवा दिया है...। अब आपको जो भी जरूरत हो, मेरे स्वामी से मांग लीजिए।'

उन्होंने संन्यास ले लिया, अपना नाम बदलकर स्वामी रामतीर्थ कर लिया। उम्र कम थी, पर वेदांत का ज्ञान भरपूर था। जल्दी न शिष्य बनाया, न कोई संस्था खड़ी की। अनेक देशों में गए। इतने सच्चे वैरागी थे कि अमेरिकी राष्ट्रपति के आतिथ्य को भी ठुकरा दिया था। व्यावहारिकता से भगत सिंह को भी प्रभावित किया था। पूरा पंजाब उन्हें सिर-सजाए रहता था। वह प्रेम, त्याग, एकता, सद्भाव और सद्चरित्र का संदेश देते थे। कहते थे,'आध्यात्मिक सैनिक बनो। अपने छोटे-छोटे अहंकार को त्यागकर अपनी भूमि के हित में जीवन लगा दो। देश से प्रेम करो, तो देश भी तुम्हारा अनुसरण करेगा।' स्वामी रामतीर्थ 22 अक्तूबर, 1873 को दिवाली के दिन जन्मे थे और कम उम्र में ही वह साल 1906 में दिवाली के दिन ही गंगा में लीन हो गए।

**प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### विधानसभावार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में अधिकारियों की हुई तैनाती

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने जिला कार्यालय परिसर में आबंटित विधानसभा वार रिटर्निंग ऑफिसर कक्षों एवं जिला कार्यालय के 100 मीटर परिसर के अंदर सुरक्षा हेतु तहसीलदार के. के. लहरे एवं अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा अमित केरकेट्टा को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार कलेक्टर ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-20 रामपुर हेतु नायब तहसीलदार श्री चन्द्र भूषण चन्द्रा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-21 कोरबा हेतु नायब तहसीलदार सुश्री सविता सिदार, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-22 कटघोरा हेतु नायब तहसीलदार धनेश्वर तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 23 पाली तानाखार हेतु नायब तहसीलदार सुनील गुप्ता की ड्यूटी निर्धारित की गई है। उक्त कार्य संपादन हेतु सुश्री रुचि शार्दुल डिप्टी कलेक्टर को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपरोक्त ये सभी अधिकारी-कर्मचारी श्री दिनेश कुमार नाग अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करेंगे।

### शासकीय एवं निजी स्थानों से अब तक हटाए गए 20 हजार से अधिक पोस्टर-बैनर

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 का प्रयोग करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिये थे। इसके तहत सार्वजनिक सम्पति अंतर्गत 3792 दीवार लेखन, 7580 पोस्टर, 3265 बैनर और 2022 अन्य प्रचार सामग्री हटाये गये। इसी प्रकार निजी सम्पति अंतर्गत 3245 दीवार लेखन, 232 पोस्टर, 199 बैनर और 252 अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई है। इस प्रकार सार्वजनिक स्थलों में कुल 16 हजार 659 तथा निजी स्थलों में 03 हजार 928 सहित यानी कुल 20 हजार 587 पोस्टर-बैनर निर्धारित समयावधि में हटाये गये हैं।

### अखिल भारतीय अंतर विश्व विद्यालयीन तीरंदाज़ी प्रतियोगिता में जिले के 3 खिलाडियों का चयन

**महासमुंद।** अंतर महाविद्यालयीन तीरदांजी प्रतियोगिता का आयोजन रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन धनेली रायपुर में दिनांक 20 अक्टूबर को आयोजित किया गया। इस आयोजन में 10 महाविद्यालयों के खिलाड़ी शामिल हुए। जिले से एवन कुमार साहू तीरंदाजी प्रशिक्षक खेलों इंडिया सेंटर भोरिंग महासमुंद निर्णायक समिति में शामिल रहें। आयोजन में इंडियन राउंड, रिकर्व राउंड व कंपाउंड राउंड की प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में महासमुंद जिले के बाल आश्रम बिहाझर से पिरित राम साहू ने इंडियन राउंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल आश्रम बिहाझर से ही भोज राम ठाकुर संस्था शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद महाविद्यालय बागबाहरा ने इंडियन राउंड में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की टीम से प्रतिनिधित्व करेंगें।

# दूरदर्शन एवं आकाशवाणी पर मान्यता प्राप्त दलों को निःशुल्क प्रसारण के लिए मिलेगा समय

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय दलों और संबद्ध राज्य के मान्यता प्राप्त राज्यीय राजनीतिक दल को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर नि:शुल्क प्रसारण के लिए समय उपलब्ध कराने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को दूरदर्शन एवं आकाशवाणी पर नि:शुल्क प्रसारण के माध्यम से मतदाताओं को अपनी नीतियों और कार्यक्रमों, घोषणा पत्रों और प्रमुख मुद्दों के संबंध में अपने विचारों के बारे में जानकारी देने का अवसर प्राप्त होता है। निर्वाचकों के लिए भी विभिन्न दलों के नीति संबंधी मुद्दों को समझने के लिए यह सूचना का महत्वपूर्ण स्त्रोत होता है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु सभी राष्ट्रीय दलों और छत्तीसगढ़ में मान्यता प्राप्त राज्यीय दल को दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय नेटवर्क पर प्रचार के लिए प्रारंभिक रूप से 45 मिनट की एक समान अवधि उपलब्ध कराए जाने के भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं। साथ ही राजनीतिक दलों द्वारा पिछले विधानसभा निर्वाचनों या लोकसभा के पिछले साधारण निर्वाचनों, जैसी भी स्थिति हो, में दलों के मतदान निष्पादन के आधार पर अतिरिक्त समय आबंटन का निर्णय आयोग द्वारा लिया जाता है। प्रसारण के लिए एक बार में 15 मिनट से अधिक का समय नहीं दिया जाएगा। राजनीतिक दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर प्रसारण के लिए निर्वाचन हेतु प्रत्याशियों की सूची के प्रकाशन के दिन से लेकर प्रत्येक चरण के मतदान दिवस के दो दिन पहले तक दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 में छत्तीसगढ़ में राजनीतिक दलों को प्रसारण के लिए दूरदर्शन पर कुल 629 मिनट तथा उसी प्रकार रेडियो पर प्रसारण हेतु कुल 629 मिनट निर्धारित किया गया है। इसमें सभी दलों के लिए अनुपातिक रूप से समय दिया गया है। उक्त दिशा निर्देशों के परिपालन में प्रसारण हेतु दिन एवं समय का निर्धारण मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की उपस्थिति में दूरदर्शन एवं प्रसार भारती के अधिकारियों द्वारा लॉट निकालकर दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को किया गया। प्रदेश में राजनीतिक दलों को प्रसारण की यह सुविधा दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय प्रसारण केन्द्रों तथा राजधानी रायपुर स्थित प्रसारण केन्द्र से दी जाएगी। इसे छत्तीसगढ़ में स्थित दूरदर्शन और आकाशवाणी के अन्य रिले केन्द्र भी प्रसारित करेंगे।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 के संशोधित प्रावधानों के अनुसार सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को केन्द्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण माध्यमों (दूरदर्शन एवं आकाशवाणी) पर प्रचार के लिए समुचित समय उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। इस अधिनियम के तहत छत्तीसगढ़ में भी आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान राष्ट्रीय और मान्यता प्राप्त प्रादेशिक दलों को सार्वजनिक (शासकीय) क्षेत्र के प्रसारणकर्ता प्रसार भारती निगम द्वारा प्रचार के लिए नि:शुल्क समय उपलब्ध कराया जाएगा।

राजनीतिक दलों को आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों का कड़ाई से पालन करना होगा। प्रसारण के लिए रिकॉर्डिंग एवं उसकी ट्रांसक्रिप्ट (अनुलिपि) पहले ही जमा कराना होगा। आयोग ने प्रसारण की विषयवस्तु के लिए कड़े दिशा-निर्देश दिए हैं। प्रसारण में दूसरे देशों की आलोचना, धर्मों एवं समुदायों पर आक्षेपण, कोई अश्लील व अपमानजनक चीज, हिंसा भड़काना, न्यायालय की अवमानना, राष्ट्रपति एवं न्यायालय की सत्यनिष्ठा के प्रति निंदा, राष्ट्र की एकता, संप्रभुता एवं अखण्डता को प्रभावित करने वाली कोई चीज, किसी व्यक्ति का नाम लेकर कोई आलोचना करने की अनुमति नहीं होगी।

# मतदान करने स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया संदेश, कलेक्टर गोयल ने मतदान की अपील

## 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को कलेक्टर ने किया सम्मानित




श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। शत-प्रतिशत मतदान की अपील लिए एक हजार से अधिक स्कूली बच्चों ने आज शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया।

इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल भी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मानव श्रृंखला के माध्यम से 100 प्रतिशत वोट ऑन 17 नवम्बर अंकित किया गया था।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि आगामी 17 नवम्बर को जिले में मतदान होना है। उन्होंने सभी मतदाताओं को आग्रह किया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करना आवश्यक है।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कहा कि मतदान हेतु अपने परिवारजनों के साथ ही अपने आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करें। कलेक्टर गोयल ने उपस्थित सभी लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। इस मौके पर कलेक्टर गोयल ने 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कार्तिक बाबा, शारदा बेहरा को सम्मानित किया। साथ ही दिव्यांग वर्ग से जस्सी फिलिप एवं अमादिनी तथा नवीन मतदाताओं में भारती साहू, सृष्टि प्रधान, ए-प्रियंका रेड्डी, विशाल पटेल को भी सम्मानित किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सेल्फी प्वाईंट बनाया गया था। जिसमें विद्यार्थियों के साथ कलेक्टर गोयल ने भी सेल्फी ली। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी, उपायुक्त सुतीक्षण यादव, जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल, मास्टर ट्रेनर विकास सिन्हा, शिवाकांत ईजारदार, मिनेष पटेल, बी.के.डनसेना, चंद्रमणी गुप्ता, जितेश्वर प्रधान सहित बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम से दिया के मतदान करने का संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** नेहरू युवा केंद्र रायपुर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मतदान हर नागरिक की ज़िम्मेदारी का संदेश दिया। साथ ही मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर हर गाँव से मिट्टी व चावल एकत्रित किए गए उसे आज विकासखंड स्तर पर सरस्वती शिशु मंदिर, देवंद्र नगर में एक कलश में एकत्रित किया गया। इस कलश को अब नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान होगा जहां पर कर्तव्यपथ पर अमृत वाटिका का इसी मिट्टी के माध्यम से निर्माण किया जाएगा।

इसके पहले प्रथम चरण में हर ग्राम में वसुधा वाटिका का निर्माण किया गया था व माटी को नमन वीरों का वंदन थीम पर शहीदों व उनके परिवार ज़नो का सम्मान किया गया था। कार्यक्रम में अर्पित तिवारी, ज़िला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र, रायपुर ने बताया की छत्तीसगढ़ राज्य से 206 युवा स्वयंसेवक दिल्ली के लिए 28 अक्टूबर को दिल्ली प्रस्थान करेंगे जहां व राष्ट्रीय कार्यक्रम का गौरवपूर्ण हिस्सा बनेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान हमारी नैतिक ज़िम्मेदारी है और इसे हमें हर हाल में निभाना चाहिए। इसलिए ज़रूरी है की हम वोट दें और सभी लोगों को प्रेरित करें। सुनीता चांसोरिया, सहायक प्राध्यापक, दुर्गा कॉलेज, ने बताया की इस कार्यक्रम से युवाओं ने एक जुटता व एक रूपता का संदेश दिया है। साथ ही कहा की मतदान में युवाओं को जागरुक करना ज़रूरी है। कार्यक्रम में सरवस्ती शिशु मंदिर विध्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी व नेहरू युवा केंद्र के युवा मण्डल के स्वयंसेवक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### डाक मतपत्र के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन में जिला कलेक्ट्रेट के पोस्टर बैलट (बी.8) कक्ष में डाक मतपत्र दल को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पी. .सी. सोनी द्वारा बताया गया कि चुनाव ड्यूटी में लगे लोक सेवक जो मतदान दिवस के दिन चुनाव ड्यूटी में व्यस्त होने के कारण उस मतदान केन्द्र में उपस्थित होकर मतदान करने में असमर्थ होते है। जहां के पंजीकृत मतदाता है, उन्हें मतदान करने की सुविधा प्रदान करना होता है। इसमें मतदान दल के सदस्य, सेक्टर ऑफिसर, पुलिसकर्मी चुनाव ड्यूटी में लगे वाहन के ड्राइवर, क्लीनर, सर्विस वोटर, अधिसूचित मतदाता और अन्य चुनाव ड्यूटी में लगे शासकीय कर्मचारी आदि आते हैं। ऐसे लोक सेवक जो ऐसे विधानसभा क्षेत्र में चुनाव ड्यूटी में नियुक्त किये गये है।

# मतदाता जागरूकता रैली निकालकर शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को किया प्रोत्साहित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विशेष अभियान संकल्प गरियाबंद चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज दिव्यांगजन मतदाताओं ने जागरूकता रैली निकाली। दिव्यांगजनों ने मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही मतदान दिवस में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

मतदाता जागरूकता रैली सिविल लाईन सांस्कृतिक भवन से शुरू होकर स्टेट बैंक, कचहरी रोड, गांधी मैदान, गौरव पथ होते हुए वापस सिविल लाईन सांस्कृतिक भवन में समापन हुआ। रैली के शुभारंभ मौके पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने दिव्यांगजनों द्वारा आयोजित इस विशेष रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दिव्यांगजनों ने पैदल




एवं ट्रायसीकल के माध्यम से चलते हुए हाथों में मतदाता जागरूकता के नारे लिखे हुए तख्तियों के माध्यम से मताधिकार का उपयोग करने लोगों को संदेश दिये।

रैली में दिव्यांगजनों ने बढ़चढ़कर भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता नारे भी लगाये। सभी ने एक स्वर में मतदान आपका हक है और जिम्मेदारी भी, अपने मताधिकार का उपयोग कीजिए - अपना वोट जरूर दीजिए, जमाने को यह बताना है वोट का अधिकार जताना है जैसे मतदाता जागरूकता नारों का आह्वान किया।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



# जवानों ने विपरित परिस्थितियों में किया हर चुनौतियों का सामनाः राज्यपाल हरिचंदन

## पुलिस स्मृति दिवस परेड में हुए शामिल राज्यपाल

श्रीकंचनपथ न्यूज





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों ने विपरित परिस्थितियों में भी निडर होकर हर चुनौती का सामना किया है, भले ही इसके लिए उन्हें अपने प्राणों की आहुति क्यों न देनी पड़ी। समाज में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाये रखने के लिए पुलिस कर्मी सदैव अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। यहां तक की जब हम लोग अपने घरों में त्यौहार और उत्सव की खुशी मनाते है तब भी ये जवान अपने परिवार से दूर रहते हुएं समर्पण के साथ अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हैं। यह उद्गार राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने चौथी वाहिनी, छसबल माना रायपुर के प्रांगण में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित परेड़ कार्यक्रम में व्यक्त किया।

राज्यपाल ने सभी प्रदेशवासियों की ओर से पुलिस के शहीद वीर जवानों को नमन करते हुए शहीद स्मारक में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने शहीद पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की और उनके साथ सदैव खड़े रहने का विश्वास दिलाया। उन्हें शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस अवसर पर राज्यपाल हरिचंदन ने अपने श्रद्धांजलि उद्बोधन में कहा कि पुलिस स्मृति दिवस हमें उन वीर जवानों की अनुकरणीय वीरता की याद दिलाता है जिन्होंने मातृ-भूमि की सेवा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। आज का दिन उन शहीदों को समर्पित है। उनके साहस और वीरता की कहानियां हमारे युवाओं को सदैव प्रेरित करती रहेंगी। श्री हरिचंदन ने कहा कि राष्ट्र सदैव उन माता-पिता और उनके परिवारों का आभारी रहेगा जिन्होंने ऐसे वीर बेटे-बेटियों को जन्म दिया। हमें बहादुर पुलिस बलों के असाधारण त्याग और बलिदान को अपने दिलों में महत्व देना चाहिए और संजोना चाहिए।

श्री हरिचंदन ने कहा कि नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात हमारे जवान पूरी हिम्मत और देशभक्ति के साथ नक्सलियों का सामना कर रहे हैं। उन्हीं के कारण हम शांतिपूर्ण वातावरण में रहते हैं। छत्तीसगढ़ से वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा हरसंभव उपाय किये जा रहे है। नक्सल प्रभावित इलाकों के लोग भी राज्य के अन्य लोगों की तरह शांति और विकास चाहते है। उन्होंने शहीदों के परिवारजनों से कहा कि सरकारें हमेशा शहीदों के परिवार के सुख-दुख में शामिल होकर उनके अभिभावक के रूप में कार्य करेंगी।

पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने भी श्रद्धांजलि उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। वीर जवानों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जायेगा।

इस अवसर पर गृह विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुवा, छत्तीसगढ़ मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गिरधारी नायक एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिसकर्मी व शहीद जवानों के परिजन उपस्थित थे।

## खास खबर...



### आचार संहिता की वजह से घटा रावण का कदः इस बार डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में जलेगा 101 फीट का पुतला

**रायपुर।** दशहरा का पर्व आते ही छत्तीसगढ़ में तैयारी जोरों पर है। रायपुर में भव्य उत्सव की तैयारी की जा रही है। रायपुर स्थित डब्ल्यूआरएस मैदान में इस बार रावण का पुतला 101 फीट का तैयार किया जा रहा है। वहीं राजधानी के रावनभांठा में भी 60 फीट का पुतला बनाया जा रहा है। प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के कारण बनाए जा रहे रावण पुतला का कद को कम कर दिया गया है।

डब्ल्यूआरएस मैदान में हर बार रावण का कद 110 फीट का बनाया जाता था। इस बार आचार संहिता के साथ ही समय के अभाव के कारण 101 फीट कर दिया गया है। वहीं कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला भी 85 फीट का तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही रायपुर के रावनभांठा मैदान में भी धूमधाम दशहरा का पर्व मनाया जाता है। इस बार भी यहां तैयारी जोरों पर है। प्रदेश में आचार संहिता की वजह से समय का अभाव है। समिति के सदस्यों ने तैयारी को लेकर कहा कि समय नहीं होने के कारण भले ही रावण का कद कम किया गया हो, लेकिन उत्सव में कोई कमी नहीं रहेगी। जोरदार तैयारी की जा रही है। इस पर्व को धूमधाम से मनाया जाएगा। एक बार फिर से बुराई के आगे अच्छे की जीत होगी।

### व्यापारियों से शत-प्रतिशत मतदान कराने चैंबर ने की ऑनलाइन बैठक

**रायपुर (ए)।** प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों और उनके कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों से शत-प्रतिशत मतदान कराने के मुद्दे पर चैंबर ऑफ कॉमर्स की ऑनलाइन बैठक हुई। इसमें चैंबर से जुड़ी 173 व्यापारिक संस्थाओं के भी प्रतिनिधि शामिल हुए।

चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि त्योहारी सीजन में आचार संहिता के बीच व्यापार का संचालन करते हुए व्यापारियों को अपने वोटिंग के अधिकार का भी पूरी गंभीरता के साथ पालन करना है। विधानसभा चुनाव में प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ-साथ सभी कर्मचारियों व उनके परिजनों से भी शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराना होगा। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने पुलिस की जांच में व्यापारियों को बड़ी राहत दी है। नतीजा पुलिस द्वारा बेवजह ई-वे बिल मांगे जाने के मामलों में 90 प्रतिशत तक कमी आ गई है।

# पत्रकारिता के छात्रों ने दूरदर्शन केंद्र रायपुर का किया शैक्षणिक भ्रमण, प्रोडक्शन और कैमरे की एंगल की बारीकियों को जाना




**रायपुर (ए)।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष ध्यान देते हुए विभागाध्यक्ष के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के लिए रायपुर दूरदर्शन केंद्र ले जाया गया।

केंद्र में तकनीकी ज्ञान के लिए प्रियंका सोनी जो कि दूरदर्शन में तकनीकी अभियंता के रुप में पदस्थ है ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम के तैयार होने की आरंभिक प्रक्रिया से लेकर कार्यक्रम के प्रसारण तक की जानकारी विस्तार से बताई जिसमें कैमरे की सभी एंगल को कैसे प्रयोग किया जाता है, लाईट का क्या महत्व है इसे कैसे संतुलन में लाया जाता है, कार्यक्रम बनने के बाद उसे कैसे सम्पादन किया जाता है।

दूरदर्शन केंद्र की विभागीय संरचना कैसे काम करती है और केंद्र से किस तरह के कार्यक्रम तैयार कर उसका प्रसारण करता है इसकी जानकारी विद्यार्थियों को क्रम वार तथा संबंधित विभाग का प्रत्यक्ष भ्रमण कराते हुए दी गई। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों की ओर से सभी तकनीकी यंत्रों और उपकरणों के बारे में जानकारी के लिए सवाल पूछने का भी समय रहा जिसका उत्तर देते हुए विशेषज्ञों ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण में जनसंचार विभाग के बड़ी संख्या में इच्छुक विद्यार्थी शामिल हुए तथा विभाग अतिथि व्याख्याता गुलशन वर्मा तथा नीलेश साहू भी पूरे भ्रमण के दौरान मौजूद रहे।

# सेंट्रल लाइब्रेरी में फीस देने के बाद भी नहीं मिल रही वाई-फाई की सुविधा



**रायपुर (ए)।** राजधानी की सबसे बड़ी सेंट्रल लाइब्रेरी में पढ़ने वाले यूथ लाइब्रेरी की खराब वाईफाई से परेशान हैं। यहां लगा वाईफाई कई महीनों से खराब है। वाईफाई कनेक्ट नहीं होता है, यदि कनेक्ट हो भी गया तो एक फाइल भी ठीक से डाउनलोड नहीं होता। इसके चलते यहां ऑनलाइन पढ़ाई के लिए आने वाले स्टूडेंट्स को काफी परेशानी हो रही है। स्टूडेंट्स अपने खुद के खर्च से इंटरनेट पैक डलाकर पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस समस्या की जानकारी लाइब्रेरी संचालकों और प्रभारियों को मालूम होने के बाद भी उसे ठीक नहीं कराया जा रहा है।

### हर माह देना पड़ता है 200 रुपए शुल्क

यहां पीएससी, जेईई, मेडिकल समेत कई कॉम्पीटिटिव एग्जाम की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स पढ़ाई करने आते हैं। सभी से यहां 1000 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस के साथ 200 रुपए मंथली चार्ज लिया जाता है। स्टूडेंट्स का कहना है कि उन्हें ऑनलाइन बुक्स और पढ़ाई से रिलेटेड कई फाइल डाउनलोड करना पड़ता है, इससे छात्रों को परेशानी होती है।

### मेंबरशिप के लिए 4 से 5 हजार की वेटिंग

सेंट्रल लाइब्रेरी में 10 हजार से ज्यादा पुस्तकें हैं। यहां रोजाना 500 स्टूडेंट्स पढ़ाई करने आते हैं। यहां रजिस्ट्रेशन के लिए पहले आवेदन करना होता है। उसके बाद उन्हें एक पर्ची दी जाती है। इससे वे यहां पढ़ने तो आ सकते हैं, लेकिन उनका रेगुलर रजिस्ट्रेशन नहीं होता। फिलहाल यहां मेंबरशिप के लिए 4 से 5 हजार की वेटिंग चल रही है। यहां अब तक कुल 1500 स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड हैं।

# वोटिंग के दो दिन पहले और मतगणना के दिन बंद रहेंगी शराब दुकानें



**रायपुर (ए)।** विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले शुष्क दिवस घोषित किया गया है। मतगणना के दौरान पूरे दिन आबकारी केन्द्र बंद रखे जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग एवं छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग को यह निर्देश दिए हैं।

आबकारी विभाग ने कलेक्टरों को शराब की बिक्री पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने को कहा है। मतदान 7 व 17 नवंबर को है। इसके 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक और 3 दिसंबर मतगणना होने तक शुष्क दिवस घोषित कर दिया गया है। इस दौरान सभी देशी, विदेशी, कंपोजिट मदिरा दुकानें, मदिरा का व्यापार, बार, क्लब, सैनिक कैंटिन, देशी मदिरा भण्डारण, भंडारगाह, विदेशी मदिरा गोदामों, मदिरा बनाने वाली सभी आसवनी एवं बॉटलिंग यूनिट बंद रहेंगे।

# मां कालरात्रि की महाआरती में छलकी आस्था, सत्ती बाजार के अंबा देवी मंदिर में भक्तों का लगा तांता



**रायपुर।** शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर शनिवार को माता के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की विशेष पूजा-आराधना की गई। सत्ती बाजार स्थित अंबा देवी मंदिर में सुबह माता की प्रतिमा का मनमोहक श्रृंगार किया गया। शाम को महाआरती में सैकड़ों महिलाओं ने हाथों में दीपों की थाली थामकर आरती की। प्रत्येक महिला के हाथ में आरती की थाली जगमगा रही थी, जिसे महिलाओं ने अपने घर से सजाकर लाया था। आरती के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया।

### अष्टमी पर शेर के मुख का दर्शन

श्री शाकद्विपीय ब्राह्मण समाज ट्रस्ट के नेतृत्व में 100 साल से मंदिर का संचालन किया जा रहा है। ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा बताते हैं कि माता की मनमोहक प्रतिमा सौम्य रूप में विराजित है। माता के शांत रूप की पूजा-अर्चना की जाती है। केवल नवरात्र की अष्टमी तिथि पर ही शेर का मुख श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोला जाता है, अन्य दिनों में शेर के मुख का दर्शन आम लोग नहीं कर सकते।

### महामाया मंदिर में आधी रात को आरती

पुरानी बस्ती के महामाया मंदिर में आधी रात को महानिशीथ काल में महानिशा की पूजा करके महाआरती की गई। इसी तरह गोपिया पारा के दंतेश्वरी मंदिर, आकाशवाणी तिराहा स्थित काली माता मंदिर, पुरानी बस्ती के शीतला मंदिर, रविशंकर विश्वविद्यालय के बंजारी मंदिर, रावांभाठा स्थित बंजारी मंदिर समेत एक दर्जन से अधिक मंदिरों में कालरात्रि की पूजा-अर्चना में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

### अष्टमी-नवमी की युति में हवन आज शाम को

पुरानी बस्ती, महामाया मंदिर, शीतला मंदिर, सत्ती बाजार अंबा देवी मंदिर में रविवार को अष्टमी-नवमी की युति में हवन किया जाएगा। शाम 4 बजे हवन पूजन शुरू होगा और रात्रि 8 बजे पूर्णाहुति दी जाएगी। महामाया मंदिर में गुप्त रूप से जोत का विसर्जन आधी रात को किया जाएगा। अन्य मंदिरों की जोत-जंवारा का विसर्जन सोमवार को नवमीं तिथि पर करेंगे। सुबह मंदिरों में कन्या पूजन करके भोज प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### बंगाली कालीबाड़ी में महाभोग

बंगाली समाज के नेतृत्व में कालीबाड़ी स्थित मां महाकाली मंदिर में सप्तमी तिथि पर माता को महाभोग अर्पित किया गया। विशेष रूप से सजाए गए मंडप में माता काली, माता ससरस्वती, माता दुर्गा और भगवान गणेश, कार्तिकेय की मनमोहक प्रतिमाओं का दर्शन करने देर रात तक श्रद्धालु पहुंचते रहे।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# ठंड का मौसम आते ही बढ़ जाता है सर्दी जुकाम का खतरा, ऐसे घर पर रहकर करें बचाव

अक्टूबर के महीने में गर्म सर्द का मौसम शुरू हो जाता है, दिन में जहां गर्मी पड़ती है तो रात को ठंड का एहसास होना शुरू हो गया है। ऐसे में गर्म सर्द के इस मौसम में सर्दी जुकाम का खतरा सबसे ज्यादा होता है और संक्रमण का भी खतरा बढ़ जाता है। अक्सर लोगों का सवाल रहता है कि सर्दी जुकाम से बचने के लिए घरेलू उपाय क्या होते हैं? तो चलिए आज हम आपको बताते हैं ऐसे पांच घरेलू उपाय जिनका उपयोग करके आप सर्दी के मौसम में मौसमी बीमारियों से बच सकते हैं।

### शहद और नींबू की चाय

एक कप गर्म पानी में एक बड़ा चम्मच शहद और आधे नींबू का रस मिलाएं, गले की खराश से राहत पाने और खांसी से राहत पाने के लिए इस चाय की चुस्की लें।

### अदरक की चाय

अदरक की चाय बनाने के लिए ताजे अदरक के एक छोटे टुकड़े को कद्दूकस करके पानी में उबाल लें। अदरक में नेचुरल एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो कंजेशन को कम करने और गले की खराश को शांत करने में मदद कर सकते हैं।

### भाप लेना

एक बड़े बर्तन में पानी उबालें। जब यह भाप बन जाए तो इसे आंच से उतार लें और इसमें यूकेलिप्टस तेल की कुछ बूंदें मिलाएं। बर्तन के ऊपर झुकें और भाप लेने के लिए अपने सिर को तौलिये से ढक लें, इससे नाक में जमा कफ को साफ करने में मदद मिल सकती है।


### हल्दी दूध

एक कप दूध गर्म करें और उसमें एक चम्मच हल्दी मिलाएं। इस मिश्रण को अच्छे से मिलाएं और सोने से पहले पी लें। हल्दी में नेचुरल एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो सर्दी के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं।

### खारे पानी के गरारे

एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच नमक मिलाएं और इससे गरारे करें। यह गले की खराश को शांत करने और जलन को कम करने में मदद कर सकता है।

# टाइगर श्रॉफ की गणपत के सामने बंपर कमा रही रवि तेजा की फिल्म



रवि तेजा-स्टारर 'टाइगर नागेश्वर राव' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फाइनली ये फिल्म इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को रिलीज के पहले दिन दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला और इसने शानदार ओपनिंग की थी। वहीं फिल्म में रवि तेजा की एक्टिंग की भी खूब तारीफ हो रही है। चलिए यहां जानते हैं 'टाइगर नागेश्वर राव' ने रिलीज के दूसरे दिन कितने करोड़ का कारोबार किया है।

'टाइगर नागेश्वर राव' का डायरेक्शन वामसी ने किया है और ये एक तेलुगु पीरियल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। रवि तेजा की इस फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से मिला जुला रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म की कमाई की बात करें तो इसने रिलीज के पहले दिन 8.2 करोड़ का कलेक्शन किया था। जिसमें तेलुगु में 8 करोड़ का कारोबार किया था और हिंगी में फिल्म ने 20 लाख की कमाई की थी। वहीं अब फिल्म की रिलीज के दूसरे दिन यानी शनिवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक 'टाइगर नागेश्वर राव' की शनिवार यानी दूसरे दिन की कमाई 4.87 करोड़ रुपये हो सकती है। इसी के साथ 'टाइगर नागेश्वर राव' की दो दिनों की कुल कमाई अब 13.07 करोड़ रुपये हो गई है।

बता दें कि शुक्रवार को सिनेमाघरों में टाइगर श्रॉफ की 'गणपत' भी रिलीज हुई थी लेकिन इस फिल्म को दर्शकों से खास रिस्पॉन्स नहीं मिला है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर महज 2.50 करोड़ का कलेक्शन किया और दूसरे दिन यानी शनिवार को भी 'गणपत' की कमाई 2.36 करोड़ है। यानी 'गणपत' का दो दिनो का कुल कलेक्शन सिर्फ 4.87 करोड़ हो पाया है। जबकि रवि तेजा की फिल्म की दो दिनों की कुल कमाई 13 करोड़ से ज्यादा है। ऐसे में टाइगर श्रॉफ की फिल्म के आगे रवि तेजा की फिल्म ही बंपर कमाई कर रही है।

बता दें कि 'टाइगर नागेश्वर राव' में रवि तेजा के अलावा नुपुर सेनन, गायत्री भारद्वाज, अनुपम खेर, रेनू देसाई, जिशु सेनगुप्ता और मुरली शर्मा प्रमुख भूमिकाओं में हैं ये फिल्म तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हुई है।

# धनुष की कैप्टन मिलर दो भाग वाली फिल्म नहीं होगी

तमिल स्टार धनुष की आगामी फिल्म कैप्टन मिलर के बारे में प्रोडक्शन ने फिल्म के दो भागों में आने की अफवाह पर विराम लगाते हुए यह साफ कर दिया है कि कैप्टन मिलर वास्तव में एक एकल भाग वाली फिल्म होगी। शुरुआत में फिल्म निर्देशक अरुण मथेश्वरन ने यह निर्णय लिया था कि यह दो भागों में रिलीज होगी, हालांकि निर्देशक अपने फैसले से पीछे हट गए हैं। यह वापसी क्यों हुई इसका कारण पता नहीं चल पाया है। फिल्म प्रोडक्शन हाउस सत्य जोति फिल्म्स ने केवल इतना कहा है कि फिल्म एक भाग में आएगी। यह फिल्म ब्रिटिश भारत में 1930-1940 के दशक पर आधारित है और मिलर नामक एक डाकू पर आधारित है जो खूनी लूटपाट, डकैती और हमलों में लिप्त रहता है। हालांकि, कहानी अभी भी स्पष्ट नहीं है, जाहिर तौर पर मिलर को उन चीजों का सामना करना होगा जिनसे वह बहुत लंबे समय से भाग रहा है। कैप्टन मिलर 15 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# मुझे लगता है कि मेरी पहली फिल्म इंतजार के लायक रहीः नूपुर सेनन



**एक्ट्रेस नूपुर सेनन तेलुगु फिल्म टाइगर नागेश्वर राव को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वह इस फिल्म से डेब्यू कर रही हैं और यह इंतजार के लायक रहा। नूपुर, जो पहले एक्टर अक्षय कुमार के साथ म्यूजिक वीडियो में दिखाई दी थीं, ने अपने डेब्यू और एक्टर रवि तेजा के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की।**

अपने डेब्यू के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मैं चाहती थी कि मेरा डेब्यू एक ही भाषा में हो। अब मुझे दर्शकों का छह गुना और छह अलग-अलग भाषाओं में प्यार मिल रहा है। मुझे लगता है कि मेरा डेब्यू इंतजार के लायक रहा।

एक्ट्रेस ने कहा, फिल्म में मैं बहुत अच्छा किरदार निभा रही हूं, जहां मुझे कमर्शियल डांस, मस्ती, रोमांटिक सीन के साथ-साथ इंटेंस और चैलेंजिंग सीन भी करने को मिले। इसलिए मुझे अपनी पहली फिल्म में बेस्ट करने का मौका मिला।

रवि तेजा के साथ काम करने के बारे में साझा करते हुए उन्होंने कहा, मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। उनके साथ काम करना अद्भुत था। उन्होंने मुझे सीन देने में बहुत मदद की। उन्हें न्यूकमर के साथ काम करना पसंद है और वह वास्तव में न्यूकमर्स पर भरोसा करते हैं। एक इंसान के तौर पर वह सबसे विनम्र और ईमानदार इंसान हैं। वह कम बोलने वाले व्यक्ति हैं। उनके साथ काम करना अद्भुत अनुभव था। टाइगर नागेश्वर राव एक तेलुगु भाषा की पीरियड एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो वामसी द्वारा लिखित और निर्देशित और अभिषेक अग्रवाल द्वारा निर्मित है। फिल्म में अनुपम खेर, नुपुर सेनन, जिशु सेनगुप्ता, गायत्री भारद्वाज और मुरली शर्मा के साथ रवि तेजा मुख्य भूमिका में हैं।



ईशा गुप्ता की इन फोटोज से नजरें नहीं हटा पाएंगे आप!

# बोल्ड लुक नहीं, किलर एक्सप्रेशंस से लूटी महफिल

बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट पर तहलका मचा देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज शेयर करती हैं तो लोग उनकी कातिलाना अनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हालिया फोटोशूट में ईशा गुप्ता का बोल्ड लुक देखकर फैंस आहें भरते भरते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस ईशा गुप्ता आए दिन अपनी सेक्सी और बोल्ड ड्रेसिंग सेंस से लोगों के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस हमेशा उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने अपने लेटेस्ट पोस्ट से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस देखकर लोग उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। साथ ही एक्ट्रेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। ईशा गुप्ता ने तस्वीरें क्लिक करवाते हुए डीपनेक ड्रेस पहना हुआ है। साथ ही क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवाई हैं। गले में नेकलेस, बालों का बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को काफी खूबसूरती से निखारा है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनका स्टाइल काफी फॉलो करते हैं। एक्ट्रेस ना सिर्फ अपनी हॉटनेस बल्कि अपनी फिटनेस से भी सभी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# बिलासपुर पुलिस के निजात अभियान के जन-जागरूकता से सैकड़ों लोगों को मिली नशे से निजात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर। नशे से दूर हो ऑटो पार्ट्स का व्यापारी वापस अपने चौपट व्यवसाय को संभाला, तो बचपन से नशे का आदी युवक सैलून से रोजी कमा रहा और एक अन्य युवक बर्फगोले का ठेला लगा रहा आईजी अजय यादव एवं एसपी संतोष सिंह के निर्देश पर बिलासपुर जिले में नशे के विरुद्ध निजात अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के राजपत्रित अधिकारियों के सुपरविजन में सभी थाना प्रभारियों द्वारा लगातार अपने अपने क्षेत्र में कड़ी कार्यवाही के साथ नशे विरुद्ध जन-जागरूकता एवं आदी लोगों का काउंसलिंग किया जा रहा है।**




अभियान में ताबड़तोड़ कार्यवाही के कारण जिले में अपराधों में काफी कमी आई हैं। नशे के आदी लोगो का सक्षम संस्था व अन्य एनजीओ, डॉक्टरो एवं सामाजिक कार्यकर्ता की उपस्थिति में लगातार काउंसलिंग तथा उनका स्वास्थ परीक्षण कराया जा कर नशे से निजात पाने के उपाए बताए जा रहे हैं। बिलासपुर पुलिस के निजात अभियान के प्रचार प्रसार एवं काउंसलिंग से प्रभावित होकर सैकडो लोग नशे की लत से मुक्त हुए। जिले में दिनांक अब तक 914 लोगो को काउंसलिंग दिया गया है जिसमें से सैकड़ो लोग नशा छोड चुके है तथा सैकड़ो लोग लाभान्वित हो नशा छोड़ने के समीप हैं और उनके जीवन को नई दिशा मिल रही है। पुलिस द्वारा इनके पुनर्वास में भी हर संभव मदद की जा रही है। ऐसे व्यक्ति दूसरे लोगों के लिए भी उदाहरण बन रहे हैं।

सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के संजय निर्मलकर द्वारा लगातार गांजा और शराब सेवन के कारण उसका काम धंधा चौपट हो गया था। थाने के काउंसलिंग और अन्य सहयोग से उसको नशे से निजात मिली, अब वो एक डेलीनीड दुकान पर काम कर रहा है।

थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र में कबाड समान बीनने का काम करने वाले एक व्यक्ति जो कई वर्षो से शराब एवं नशीली दवाईयों का सेवन करते आ रहा था, जो थाना प्रभारी सिटी कोतवाली से संपर्क कर नशा छोडना चाहता हूं कि मंशा जाहिर की। उक्त मंशा से एसपी बिलासपुर को अवगत कराया गया जिनके निर्देश पर राजू केवंट उर्फ कांचा केवंट का डॉक्टर से स्वास्थ परीक्षण करवाया गया तथा लगातार विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क दवाईयां दिलवायी गई। वर्तमान में राजू उर्फ कांचा केवंट के नशा करने की आदत में अत्यधिक सुधार आया है। राजू उर्फ कांचा केवंट द्वारा भविष्य में पूरी तरह नशा छोडने की कसम ली गई है। तीसरी काउंसलिंग के बाद राजू उर्फ कांचा केवंट द्वारा एक व्यक्ति जो सुर्या होटल के पीछे करबला रोड के नाले में गिर गया था। जो अपने को न संभाल पता था, प्रशंसनीय कार्य करते हुए राजू उर्फ कांचा केवंट द्वारा 10 फीट गहरे एवं 15 फीट स्लेब से ढके नाला के अंदर घुस कर पानी के तेज बहाव से बिना डरे अपनी जान को जोखिम के डालकर बाहर निकाल कर लाया गया।

अजय साहु जो नशे में डूबा रहता था। उसको सिरगिट्टी थाना बुलाया गया, तो वो पहले तो डरा। लेकिन जब उसको पता चला कि नशे से उबरने में मदद के लिए बुलाया गया है, तो वो बहुत खुश हुआ। निजात अभियान के तहत डॉक्टर्स से मदद मिली। वो नशे से उबर रहा और एक छोटी दुकान भी खोल ली है।

कृष्ण जायसवाल कोनी क्षेत्र में मोटर पार्ट्स की 20 साल से सफलता से दुकान चलाते थे। बीच में नशे के आगोश में चले गए। निजात अभियान का दीवालों पर संदेश देखा और थाने से संपर्क हुआ। बार बार समझाइश का असर हुआ और स्वम को प्रेरित किया। जिसके कारण आज उनकी जिंदगी नशे से दूर हो पुन: पटरी पर लौटी है। योगेश श्रीवास जो रतनपुर क्षेत्र का है, छोटी उम्र में शराब और गांजा का सेवन करने लगा था। थाने से कई बार उसकी काउंसलिंग कराई गई। आज वो नशे को छोड़ सैलून में काम कर रहे है और रोजी रोटी कमा रहे है। मेरे घर वाले भी खुश है और बिलासपुर पुलिस को धन्यवाद देते नहीं थक रहे हैं।

# पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को किया नमन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**जांजगीर-चांपा।** कर्तव्य निर्वहन के दौरान मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले देशभर के समस्त राज्यों, केन्द्रीय एवं अन्य पुलिस ईकाइयों के शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक जिला सक्ती श्री एम.आर आहिरे सहित अधिकारियों व शहीद परिवार के सदस्यों ने पुलिस स्मारक में पुष्पचक्र अर्पित किया। शहीद दिवस परेड में पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल के आगमन पर परेड द्वारा सलामी दी गई। इसके बाद पाल वियरर्स पार्टी द्वारा शहीदों की सूची पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई। पुलिस स्मृति दिवस प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है।

पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल ने बताया कि आज का दिन उन पुलिस जवानों की स्मृति में मनाया जाता है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा करते हुए देश के लिए शहादत दी। सर्वप्रथम 21 अक्टूबर 1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रींग नामक स्थान पर भारतीय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने कम संख्या में होते हुए भी एम्बुश लगाकर हमला करने वाले चीनी सेना का डटकर मुकाबला किया, जिसमें 10 जवान वीरगति को प्राप्त हुए। उनके पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। शहीद हुए पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए देश भर में प्रतिवर्ष पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।

हमारा कर्तव्य है कि हम हमेशा अपने शहीद जवानों की याद अपने मन में बनाये रखें और कर्तव्य निर्वहन में उनके द्वारा डाली गई परंपरा को निभाएं। उन्होंने एक सितम्बर 2022 से 31 अगस्त 2023 तक कर्तव्य के पालन में शहीद हुए 188 जवानों के नाम का वाचन किया।

साथ ही विभिन्न अवधि में कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए जांजगीर-चांपा व सक्ती जिले के पुलिस जवानों के नाम का भी वाचन किया। तद्उपरांत शहीदों को सलामी, शोक शस्त्र परेड कमांडर प्रदीप जोशी रक्षित निरीक्षक द्वारा कराया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर के खुंटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी सहित अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस के जवान, शहीदों के परिजन उपस्थित थे।

## खास खबर

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने कॉलेज एवं स्कूलों में स्वीप के विविध कार्यक्रम

**बिलासपुर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने जिला प्रशासन द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का आयोजन किया जा रहा है। गांव गांव से लेकर शहर तक इन कार्यक्रमों से मतदाताओं में जागरूकता आ रही है और बड़ी संख्या में लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है। इसी क्रम में कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बरपाली में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली बनाने, शपथ ग्रहण एवं स्वीप डांडिया का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न कॉलेजों एवं स्कूलों में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों द्वारा बनाई गई पोस्टर की प्रदर्शनी शीघ्र जिला पंचायत परिसर में लगाई जाएगी ताकि मतदाता प्रेरित होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा, सीपत स्थित मदनलाल शुक्ला कॉलेज, डीएलएस कॉलेज, नवापारा के डीपी शुक्ला स्कूल में मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की गई। मौलाना आजाद शिक्षा महाविद्यालय एवं साईंस कॉलेज में एक दिया एक वोट और मतदान के लिए एक दीप जैसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के द्वारा आयोजित किया गया। डीपी विप्र महाविद्यालय में पतंग सजाओं प्रतियोगिता की गई।

### व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन के लिये स्थापित विभिन्न कक्ष का किया अवलोकन

**सूरजपुर।** व्यय प्रेक्षक जु एस एस द्वारा आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन में निर्वाचन के लिए स्थापित विभिन्न कक्ष का निरीक्षण किया गया। जिसके तहत उन्होंने तीनों विधानसभा क्षेत्र-प्रेमनगर (04), भटगांव (05) व प्रतापपुर (06) के नामांकन कक्ष का अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने क्रमवार एमसीएमसी, ईईएम कंट्रोल रूम, सी विजिल, पोस्ट बैलेट कक्ष, निर्वाचन कंट्रोल रूम, एमसीसी शाखा, राजनीतिक रैली एवं सभा, अस्थाई पार्टी कार्यालय, चुनाव प्रचार हेतु वाहन, दुर्गा पंडाल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बनाई गई अनुमति शाखा का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित सेल प्रभारियों से सेल के कार्य प्रणाली के सम्बंध में जानकारी मांगी और निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश का निष्ठा पूर्वक पालन करने की सलाह दी।

### कवासी लखमा ने कराया कांग्रेस प्रवेश

**सुकमा।** कांग्रेस सरकार व क्षेत्रीय विधायक कवासी लखमा की कार्य कुशलता और रीति नीति से प्रभावित होकर बुड़दी (कमलापदर) व धुरवारास (कोर्रा) से सीपीआई पार्टी एवं बीजेपी छोड़ कई लोगों ने कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा के समक्ष कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया। विधायक निवास कार्यालय सुकमा में धुरवारास से 08 सीपीआई के लोग एवं बुड़दी से 03 बीजेपी व 10 सीपीआई के लोग उपस्थित रहे। जिनका मंत्री श्री लखमा के द्वारा कांग्रेस पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया गया।

# ग्राम कोरीरास में पालकों और ग्रामीणजनों को मतदान के प्रति किया गया जागरूक



श्रीकंचनपथ न्यूज


**दंतेवाड़ा।** जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार के मार्गदर्शन एवं स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित भी किये जा रहे हैं। साथ ही मतदाताओं को मतदान की तिथि और समय के बारे में भी अवगत कराया जा रहा है। इसी तरह जिले में शिक्षा विभाग द्वारा भी जिले की शालाओं के छात्र छात्राओं के पालकों को स्वीप के तहत मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं इस क्रम में ग्राम कोरीरास के माध्यमिक शाला में पालक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला बाबूपारा में मतदाता जागरूकता, स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत पालक, एस एम सी के सदस्य और ग्रामीणजनों की बैठक का आयोजन कर ज्यादा से ज्यादा पालकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही व्ही व्ही पेट मशीन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। बैठक में मौजूद पालक समूह ने भी मतदान करने की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक जाना। इसके साथ हर एक निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई गयी। ज्ञात हो कि जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आगामी दिनों में साइकिल रैली, मतदाता जागरूकता दौड़, खेलकूद प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई

# त्यौहारी सीजन में आचार संहिता के बीच व्यापार का सुचारू रूप से संचालन करने व्यापारियों में जागरूकता है जरूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलचा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति की बैठक आज दिनांक 21 अक्टूबर 2023 को दोपहर 12:00 बजे जूम मीटिंग के माध्यम से आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी, इकाई, व्यापारिक एसोसिएशन एवं चेंबर विंग्स के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए।**




तत्पश्चात विषय सूची के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई जिसमें पिछली कार्यकारिणी की बैठक की कार्यवाही का पठन एवं अनुमोदन, लगभग 2222 प्राप्त नए सदस्यता आवेदन पत्रों की सूक्ष्म जांच के पश्चात स्वीकृति प्रदान की गई एवं सदस्यों से प्राप्त आवेदन फर्मो के नाम, स्थान, प्रतिनिधि के नाम परिवर्तन, रुपए 2000 से अधिक के खर्च की स्वीकृति, त्यौहारी सीजन एवं चुनाव के मद्देनजर व्यापार में आ रही कठिनाइयों के संबंध में चर्चा एवं वर्तमान चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान कैसे हो? आदि विषय पर चर्चा हुई। उपरोक्त सभी विषयों पर कार्यकारिणी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने अपने उद्बोधन में बैठक में उपस्थित सदस्यों को बताया कि आगामी चुनाव से संबंधित पुलिस एवं अधिकारियों द्वारा जांच से व्यापारियों को आ रही कठिनाइयों को लेकर चेम्बर प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले से मुलाकात कर उन्हें अवगत कराया गया था कि प्रदेश के विभिन्न जिलों के चैक-चैराहों पर पुलिस जांच से शहर एवं प्रदेश के व्यापारियों को विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जाँच अधिकारियों द्वारा व्यापारियों पर ऐसे वस्तुएं जिनमे ई-वे बिल की आवश्यकता नही होती है को लेकर अनुचित कार्यवाही की जा रही है। जिस पर श्रीमती कंगाले जी के सकारात्मक सहयोग के परिणामस्वरूप इस प्रकार की घटनाओं में 90 से 95 प्रतिशत तक की कमी आई है जिसके लिए हम उनका धन्यवाद ज्ञापित करते है। हम चाहते हैं कि प्रदेश के 12 लाख व्यापारी अपने व्यवसाय का संचालन सुचारू और निर्बाध रूप से कर सके। जब भी कोई व्यापारी नगद और माल का संचलन करते हैं तो उसका पूरा ब्यौरा व्यापारी के पास होना चाहिए ताकि उचित समय पर जांच अधिकारी को दिखा सकें जिससे कोई अप्रिय स्थिति निर्मित ना हो। श्री पारवानी जी ने बैठक में स्थानीय स्तर पर गठित इकाइयों के महत्व को बताते हुए उपस्थित इकाइयों के पदाधिकारियों से यह निवेदन किया कि सभी इकाइयां वर्तमान स्थिति को देखते हेतु व्यापारियों के सहयोग हेतु कम से कम 2 हेल्पलाइन नंबर जारी करें ताकि व्यापारियों की परेशानियों का जल्द निपटान हो सके साथ ही इकाई पदाधिकारी अपने क्षेत्र के वरिष्ठतम अधिकारी जैसे कलेक्टर, एसडीएम, आयकर अधिकारी, जीएसटी अधिकारी एवं चुनाव अधिकारी आदि से मिलकर यह सुनिश्चित करें कि उक्त राशि का आगामी चुनाव से कोई संबंध नहीं है। श्री पारवानी जी ने यह भी बताया की जब्त राशि एवं वस्तुओं पर चुनाव के बाद ही कोई कार्यवाही की जाएगी अत: जब्त होने के पहले ही व्यापारियों का जागरूक होना आवश्यक है ताकि उनके व्यापार पर कोई विपरीत प्रभाव ना पड़े। ट्रांसपोर्टर का यह दायित्व है की व्यापारियों के वस्तुओं से संबंधित समस्त दस्तावेज जैसे बिल और ई वे-बिल अपने पास रखें ताकि चेक पोस्ट में कोई भी वस्तु जांच अधिकारियों द्वारा जब्त ना किया जा सके। बैठक में श्री पारवानी जी ने आगामी चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को साधते हुए कहा कि प्रदेश के लगभग 3 करोड़ जनसंख्या में से हम 12 लाख व्यापारी हैं जो प्रदेश में 30 लाख मतदाताओं को चुनाव में मतदान करने हेतु प्रेरित कर सकते हैं।

# वीडियोग्राफी दल को दिया गया प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में वीडियोग्राफी दल को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा यह बताया गया कि निर्वाचन अवधि के दौरान अभ्यर्थी राजनैतिक दल द्वारा किये गये निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग तथा आदर्श आचार संहिता का पालन को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न दलों का गठन किया गया है। जिनमें से एक दल वीडियोग्राफर का है। वीडियोग्राफर को सभी महत्वपूर्ण घटनाओं का टाइम स्टेपिंग वीडियोग्राफी किया जाना है। जिससे अभ्यर्थी द्वारा किये गये निर्वाचन व्यय का सही-सही आकलन किया जा सके। जांच के दौरान वीडियोग्राफर को वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से किया जाना है। जब कभी जब्ती या संदिग्ध वस्तुए वाहन में पायी जाती है तो पूरी घटनाओं का सिलसिलेवार वीडियोग्राफी की जानी हैं।

जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पी.सी. सोनी द्वारा वीडियोग्राफर के कार्य और उत्तरदायी को विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि यदि फोटोग्राफर को निर्वाचन के प्रत्येक चरण का समय-समय पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार वीडियोग्राफी की जानी है। वीडियोग्राफर को निर्वाचन के जिस चरण की वीडियोग्राफी की जानी है ये निर्वाचन की प्रक्रिया, वीडियो निगरानी दल के साथ, स्थैतिक निगरानी चल के साथ उठना दल के साथ प्रेक्षक महोदय के साथ विभिन्न प्रकार के होने वाले प्रशिक्षण निर्वाचन सामग्री का वितरण संग्रहण, मतदान दलों को रवानगी एवं वापसी स्ट्रांग रूम का विभिन्न अधिकारियों द्वारा निरीक्षण आदि की वीडियोग्राफी करनी होती है। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने बताया कि 21 अक्टूबर से नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो रही है। जिसमें नामांकन दिवस में प्रात: 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक नामांकन दाखिल किये जायेंगे। वीडियोग्राफर को इस अवधि में प्रतिदिन नामांकन प्रक्रिया होने के आधे घण्टे पूर्व रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में उपस्थित होकर उनके निर्देशन में वीडियोग्राफी करनी है। प्रतिदिन प्रात: ठीक 11 बजे कार्यालय में लगी घड़ी में फोकस करते हुए रिकार्डिंग प्रारम्भ की जायेगी। नामांकन का समय दोपहर 03 बजे समाप्त होने पर भी घड़ी पर फोकस करते हुए वीडियोग्राफी की कार्यवाही को निर्देशानुसार पूर्ण की जायेगी। नाम निर्देशन पत्र लेने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में आये प्रत्येक अभ्यर्थी एवं नामांकन दाखिल करते समय आये प्रत्येक अभ्यर्थी की नामांकन दाखिल घटना का वीडियोग्राफी की जानी है। नामांकन के अंतिम दिवस 02 बजे के बाद वीडियोग्राफर को लगातार नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जानी है, जब तक की रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में 03 बजे तक अन्दर आये सभी अभ्यर्थी के नामांकन फार्म जमा करने की वीडियोग्राफी किया जानी है। वीडियो निगरानी दलों के साथ वीडियोग्राफर को अभ्यर्थी एवं राजनैतिक दलों की आम सभाए जुलूस तथा रैली के वीडियोग्राफी का कार्य किया जाता है। वीडियो रिकॉर्डिंग इस प्रकार से की जानी चाहिए कि निर्वाचन व्यय के सभी मदों जैसे मंत्र का आकार, टेंट स्वागत द्वार, माला, सजावट, जलपान, कुर्सियां माइक, लाईट, उपयोग किये गये वाहनों की संख्या मंच पर उपस्थित राजनेता, अन्य व्यक्ति आदि सभी को स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड करना है।

### मतदाताओं को जागरूक करने शहर में निकलेगी विशाल साइकिल रैली

**बिलासपुर।** शहर में मतदाता जागरूकता के लिए विशाल स्वीप साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली 22 अक्टूबर को सवेरे 7.30 बजे अरपा रिवर व्यू (अरपा रिवर फ्रंट) से शुरू होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण साइकिल रैली का नेतृत्व करेंगे। साइकिल रैली अरपा रिवर फ्रंट से शुरू होकर देवकीनंदन चौक, सदर बाजार, गोल बाजार, सिटी कोतवाली चौक, तेलीपारा, पुराना बस स्टैंड, सिम्स चौक में लखीराम ऑडिटोरियम में समाप्त होगी।


















## खास-खबर

### 18 साल से चकमा देता रहा डकैती का आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा (ए)।** 18 साल पहले जमानत मिलने के बाद से लापता लूट डकैती का आरोपी पहचान छिपाकर बालको में सिक्योरिटी गार्ड का काम कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उक्त वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है।

सिटी कोतवाली क्षेत्र में वर्ष 2005 में आरपी नगर निवासी प्रसन्न कुमार राही आरोपी था, जो मामले में जमानत पर रिहा होने के बाद फरार हो गया था। उसके खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी का वारंट जारी था। आरोपी कई साल तक बाहर रहा, फिर पहचान छिपाकर बालकोनगर में रहते हुए सिक्योरिटी गार्ड का काम कर रहा था। सिविल लाइन पुलिस उसके वारंट की तामिली के लिए पतासाजी में जुटी थी। इस बीच उसके हुलिए वाले व्यक्ति के बालको में सिक्योरिटी गार्ड होने का पता चला।

पुलिस ने संदेह के आधार पर उसे पकड़कर पूछताछ करते हुए दस्तावेज खंगाला तो वह फरार वारंटी प्रसन्न कुमार राही निकला, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जाता है कि डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से वह न तो घर लौटा और न ही अपने परिचितों से मिला था, इसलिए उसे लोग मृत समझ बैठे थे। इसी तरह रजगामार पुलिस ने 8 साल से फरार मारपीट के आरोपी ग्राम आंछिमार निवासी जुगुत राम को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।



### चेकिंग प्वाइंट पर बाइक की डिक्की से 3.70 लाख जब्त

**कोरबा (ए)।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के लिए चल रही पुलिस चेकिंग के दौरान दीपका पुलिस ने एक बाइक की डिक्की से 3 लाख 70 हजार रुपए जब्त किए हैं।

दरअसल, शनिवार को दीपका चौक के पास थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर के नेतृत्व में वाहन चेकिंग चल रही थी। इस दौरान एक बाइक चालक को रोककर पूछताछ की गई। उसने अपना नाम श्रवण कुमार सिंह (37) निवासी धरमपुर (कुसमुंडा) बताया। बाइक की डिक्की को चेक करने पर उसमें 3.70 लाख रुपए मिले। इसके संबंध में वैध दस्तावेज पेश नहीं किए जा सके और न ही बड़ी रकम परिवहन करने के संबंध में कोई जानकारी दी गई। संदिग्ध रुपए मानते हुए उसे जब्त कर लिया गया है।

# फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दी दूसरे की जमीन, झारखंड से आया पीड़ित, पुलिस की गिरफ्त में गिरोह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के सुपेला थाना क्षेत्र में जमीन के फर्जीवाड़े का बड़ा मामला सामने आया है। झारखंड के सिंहभूम जिले में रहने वाले पीड़ित ने सुपेला थाने में शिकायत दर्ज कराई। दरअसल शातिरों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर कोहका स्थित पीड़ित की जमीन को बेच दिया। इस मामले में सुपेला पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद पुलिस के हाथ बड़ा गिरोह लगा है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से लैपटॉप, मोबाईल, प्रिंटर, फर्जी दस्तावेज तथा 2 लाख रुपए नगद जब्त किया है। यह पूरा मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम (झारखंड) निवासी योगानंदन यादव की जमीन को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया गया। योगानंदन ने अपनी शिकायत में बताया कि अज्ञात व्यक्ति खुद योगानंदन बन गया और जमीन के दस्तावेज तैयार किए। इसमें ऋण पुस्तिका से लेकर रजिस्ट्री पेपर आदि बनवाए और इसके बाद जमीन को बेच दिया। जब इसकी जानकारी योगानंदन को हुई तो उसके पांव तले जमीन खिसक गई। आनन फानन में उसने शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर सुपेला पुलिस ने धारा 420, 466, 467, 468, 471, 120 बी, 201, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।



विवेचना के दौरान पाया गया कि प्रार्थी योगानंदन की जमीन कोहका भिलाई स्थित खसरा नं. 5243/2, 5243/3 रकबा 3000 वर्गफीट को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा फर्जी योगानंदन बनकर उनकी उक्त जमीन को फर्जी ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज तैयार कर आसमा खातून व विपिन अग्रवाल को बेच दिया। प्रकरण में आरोपी कैलाश नगर भिलाई निवासी राकेश राय, बीडी कालोनी उरला दुर्ग निवासी प्रंशात पाटिल व दीनदयाल कालोनी जुनवानी एन रमेश उर्फ फर्जी योगनंदन यादव का पता चला।

### फर्जी तरीके से करवाई जमीन रजिस्ट्री

इसके बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ में सभी ने एक साथ मिलकर कुटरचित दस्तावेज तैयार कर एन रमेश को फर्जी योगनंदन बनाकर उसका आधार कार्ड, बैक खाता खुलवाया। डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका बनवा कर। फर्जी तरीके से जमीन रजिस्ट्री करवाई और उसे बेच दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से आधार कार्ड, शपथ पत्र, लैपटाप, कलर प्रिंटर तथा 2 लाख रुपए नगद जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेज दिया है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी दुर्गेश कुमार शर्मा, एसआई अमित अंदानी, एएसआई दिनेश सिंह, आरक्षक जुनैद सिद्धीकी का विशेष योगदान रहा।

### कोरबा में प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ दो गिरफ्तार

# दुर्ग का रिक्की यादव सप्लाई करता है नशे का सामान, NDPS की कार्रवाई कर भेजा जेल

**कोरबा (ए)।** कोरबा की सीएसईबी पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से तकरीबन 4300 सौ नग टैबलेट, कैप्सूल और सीरप जब्त की गई है। जिसकी कीमत करीब 38 हजार रुपए आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दुर्ग का एक व्यक्ति नशे का सामान उनके पास छोड़कर गया था।



प्रतिबंधित नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। कोरबा की सीएसईबी पुलिस ने नशीली दवाओं के साथ दीपक साहू और फेंकू चौहान नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर के जरिए उन्हें पंप हाउस स्थित अटल आवास में रहने वाले दो युवकों के पास भारी मात्रा में नशीली दवा मौजूद होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल छापामार कार्रवाई की।

### दुर्ग निवासी रिक्की यादव नशे का सामान कराता था मुहैया

सीएसईबी चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि पूछताछ के दौरान बात सामने आई है, कि दुर्ग निवासी रिक्की यादव ने दोनों युवकों को नशे का सामान मुहैया कराया था। रिक्की यादव नशीली दवाओं का जखीरा सप्लाई करने कोरबा आया करता था और कुछ दिनों पहले ही कोरबा में माल सप्लाई कर के गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# सिम्स में अव्यवस्था, अवकाश के दिन लगा कोर्ट, जांच के लिए विशेष बेंच का गठन

**बिलासपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में अव्यवस्था को लेकर नाराज हाई कोर्ट ने जिला मजिस्ट्रेट को निरीक्षण करने और रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को अवकाश के दिन चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के निर्देश पर कोर्ट लगा। रजिस्ट्रार जनरल ने स्पेशल बेंच का गठन किया। चीफ जस्टिस व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डिविजन बेंच में जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। शहरवासियों और आसपास के ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा के नाम पर की जा रही खानापूर्ति, संसाधनों की कमी से जूझते मरीज और स्वजन को हो रही परेशानी को संज्ञान में लेते हुए कोर्ट ने शनिवार को सुनवाई की। सिम्स के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट (एमएस) सहित आला अधिकारियों को डिविजन बेंच ने तलब किया था। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने अव्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए व व्यवस्था सुधारने प्रशासन और सिम्स प्रबंधन द्वारा किए जा रहे उपाय के संबंध में पूछा। कोर्ट की नाराजगी इतनी रही कि अफसरों को जवाब देते नहीं बना। कोर्ट ने कहा कि मरीजों को चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही। गरीब आदमी कहां जाए। इस तरह की अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार कौन है।

# बेटी के सामने पत्नी की कर दी हत्या, अस्पताल पहुंचा तो मर चुकी थी महिला, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में हत्या की खौफनाक घटना सामने आई है। जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र में एक महिला की उसके पति ने हत्या कर दी। दरअसल पति अपनी पत्नी को बेहोशी की हालत में अस्पताल लेकर पहुंचा था जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने अपने दामाद पर हत्या का आरोप लगाया। मृतका के ससुर ने एक वीडियो पुलिस को दिया है जिसमें उसकी तीन साल की बेटी ही बता रही है कि उसके पिता ने मां की हत्या की।



कुनकुरी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 19 व 20 अक्टूबर की दरमियानी रात की बताई जा रही है। यहां के शिव मंदिर रोड के पास रहने वाले अंकित गुप्ता अपनी पत्नी मोनिका गुप्ता को बेहोशी की हालत में अस्पताल लेकर पहुंचा था। जहां चिकित्सकों ने मोनिका गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद मृतिका के परिजन झारखण्ड के लातेहार महुआडाँड़ गांव से कुनकुरी पहुंचे और अपने दामाद पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया।

इस दौरान वहीं मृतका के ससुर मनोज गुप्ता ने दो वीडियो दिखाए जिसमें मृतिका की तीन साल की बेटी बता रही है कि किस तरह घटना हुई। फिलहाल कुनकुरी पुलिस ने दोनों पक्षों का बयान लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतका के शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। अब पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद असल वजह सामने आएगी और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, युवती गंभीर

**बिलासपुर (ए)।** नैला से दुर्गा पंडाल देखकर लौट रहे युवक की बाइक को तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने सीपत के पास टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, युवक के पीछे बाइक पर बैठी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम कराया है। घायल युवती को सिम्स में भर्ती कराया है। कौवाताल में रहने वाले कलिंधर पटेल किसान हैं। उनका बेटा नंदकुमार पटेल शुक्रवार की शाम अपने दोस्तों के साथ दुर्गा पंडाल देखने के लिए जांजगीर-चांपा जिले के नैला गया था। शनिवार की सुबह वह भुनेश्वरी साहू को लेकर गांव लौट रहा था। पीछे उसके दोस्त अपनी बाइक पर थे। बाइक सवार युवक सीपत पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रेलर के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहा नंदकुमार बाइक के पहियों के नीचे आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक के पीछे बैठी भुनेश्वरी को भी गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को देकर घायल को सिम्स भेज दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम कराया है।

# शराब दुकान के गार्ड को चाकू दिखाकर बनाया बंधक, बिक्री की रकम लूटकर भागे लुटेरे

**बिलासपुर (ए)।** मस्तूरी क्षेत्र के मल्हार स्थित देसी और अंग्रेजी शराब दुकान के गार्ड को बंधक बनाकर लूटपाट का मामला सामने आया है। लुटेरे अंग्रेजी शराब दुकान से 16 हजार और देसी शराब दुकान से चार हजार 400 रुपये लूटकर भाग निकले हैं। घटना की शिकायत पर मल्हार पुलिस मामले की जांच कर रही है।


पचपेड़ी क्षेत्र के डगनिया निवासी नरेंद्र सोनवानी मल्हार स्थित शराब दुकान में गार्ड का काम करते हैं। शुक्रवार की रात पथरिया निवासी उमेश्वर प्रसाद यादव के साथ वे ड्यूटी पर थे। रात करीब एक बजे दोनों शराब दुकान के पास ही बने झोपड़ी में आराम कर रहे थे। इसी दौरान तीन नकाबपोश वहां पर आए। आते ही तीनों ने दोनों गार्ड पर लाठी से हमला कर दिया। मारपीट के बीच एक नकाबपोश ने अपने पास रखे चाकू को निकाल लिया। उसने दोनों गार्ड को जान से मार देने की धमकी दी।

इसके बाद नकाबपोश लोगों ने दोनों गार्ड को रस्सी और गमछे से बांध दिया। एक नकाबपोश दोनों के पास चाकू लेकर बैठा रहा। वहीं, दो लोग शराब दुकान के पीछे चले गए। पहले उन्होंने दीवार में सेंधमारी का प्रयास किया। इसमें सफल नहीं होने पर दोनों दुकान के सामने आए। उन्होंने दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। नाकबपोश लुटेरों ने दुकान के लाकर को तोड़ने का प्रयास किया। बाद में उन्होंने अंग्रेजी शराब दुकान के काउंटर में रखे 16 हजार रुपये और देसी शराब दुकान से चार हजार 400 रुपये निकाल लिए। साथ ही सीसी टीवी कैमरे का मानिटर, लैपटाप और गार्ड का एक मोबाइल अपने साथ ले गए। नकाबपोश लुटेरों के जाने के बाद एक गार्ड ने अपने मोबाइल से डायल 112 पर कॉल किया। साथ ही दुकान के सुपरवाईजर को इसकी जानकारी दी।

# आरपीएफ के हत्थे चढ़ा गांजा तस्कर, ओड़िशा से लेकर पहुंचा और दुर्ग रेलवे स्टेशन में पकड़ाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग रेलवे स्टेशन में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट को बड़ी सफलता मिली है। आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन में ओड़िशा से पहुंचे गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। गांजा तस्कर ओड़िशा के गंजाम जिले से गांजा लेकर पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस से दुर्ग पहुंचा था। मुखबिर की सूचना पर आरपीएफ ने कार्रवाई कर आरोपी को जीआरपी को सौंप दिया। जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ 20(B) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।




दरअसल दुर्ग आरपीएफ पोस्ट को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस के जनरल कोच में एक व्यक्ति गांजा लेकर सफर कर रहा है। दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ की टीम ने जनरल कोच की जांच की जिसमें बताए गए हुलिया वाले एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उसके पास विमल पान मशाला लिखा एक बैग मिला जिसकी जांच करने पर चार पैकेट गांजा बरामद किया गया।

पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संजय प्रधान (25) बताया। जो कि बादगढ़ गांव, शेरगढ़ थाना, जिला गंजाम (ओड़ीशा) का रहने वाला है। उसके पास रखे बैग से 4 पैकेट गांजा मिला जिसका कुल वजन 8 किलो था। जब्त गांजे की कीमत कीमत 1 लाख 60 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी के पास से गांजा जब्त कर आरपीएफ ने आगे की कार्रवाई के लिए शासकीय रेल पुलिस चौकी दुर्ग को सौंप दिया। जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ धारा- 20(B) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095


भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006





भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### इंटैक की दो दिवसीय बस्तर आर्ट एवं भिति चित्र कार्यशाला का समापन

**दुर्ग।** इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटैक) द्वारा चित्रकारी के दो दिवसीय कार्यशाला का समापन डॉ. आरती दीवान, विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान, इंदिरा गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर भिलाई, के मुख्य आतिथ्य में समपन्न हुआ।
कार्यशाला में बस्तर आर्ट एवं भिति चित्र के प्रशिक्षण के लिए बस्तर के प्रसिद्ध चित्रकार अरुण कुमार हलदार उपस्थित हुए। दुर्ग-भिलाई अध्याय की संयोजिका डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा की दो दिवसीय चित्रकारी कार्यशाला में आठ विद्यालयों के कक्षा सातवीं से दसवी के छियालीस विद्यार्थियों ने उतसाह पूर्वक भाग लिया। हलधर ने कार्यशाला के प्रथम दिवस विद्यार्थियों को बस्तर आर्ट का प्रशिक्षण दिया दुसरे दिन उन्होंने प्रतिभागियों को भित्ति चित्र बनाने का प्रशिक्षण दिया। चित्रकारी के बारीकियो को बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया की जब कभी आप चित्र बनाते है तो नीचे बैकग्राउंड उसका आधार अवश्य होना चाहिए तथा नृत्य मुद्रा में हाथ एवं घुटने के नीचे से पैर किस तरह थिरकते हुए दिखाया जाता है इसे स्केच के द्वारा बताया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. आरती दीवान ने कहा की विद्यार्थियों में नैसर्गिक कला कौशल होती है इस तरह के कार्यशाला से उसे निखारा जा सकता है। भविष्य में ये विद्यार्थी कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यति प्राप्त कर सकते है कार्यशाला में बस्तर कला का प्रशिक्षण दिया गया यह अत्यंत सराहनीय कदम है क्योकि इससे विद्यार्थी अपने राज्य के कला से परिचित होगे। कार्यशाला में आमदी नगर विद्यानिकेतन, डीएवी स्कूल सेक्टर-2, डीएवी स्कूल हुडको, डीपीएस भिलाई, इंदु आईटी स्कूल, तुलाराम आर्य कन्या विद्यालय दुर्ग, शासकीय हाईस्कूल रूआबांधा तथा एसडीबी स्कूल भिलाई के विद्यार्थी शामिल थे। इस अवसर पर इंटैक दुर्ग-भिलाई अध्याय से विद्या गुप्ता, रविन्द्र खण्डेलवाल तथा कांति भाई सोलंकी, दीपक रंजन दास एवं विश्वास तिवारी उपस्थित थे एवं कार्यशाला को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

### विधानसभा निर्वाचन 2023 की अधिसूचना जारी : 31 को संवीक्षा, 2 नवंबर तक होगी नाम वापसी

**दुर्ग ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत दुर्ग जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्वाचन की अधिसूचना आज जारी कर दी गई तथा अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 30 अक्टूबर तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे तथा 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा होगी वहीं 02 नवंबर को अभ्यर्थी नाम वापस ले पाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत दुर्ग जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव संबंधी कार्यवाहियां की जा रही है। इसी कड़ी में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप आज जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों हेतु निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रं. 62 पाटन, 63 दुर्ग ग्रामीण, 64 दुर्ग शहर, 65 भिलाई नगर, 66 वैशाली नगर तथा विधानसभा क्षेत्र क्रं. 67 अहिवारा के विधानसभा चुनाव की अभ्यर्थी से आगामी 30 अक्टूबर 2023 (सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे।

# ट्विनसिटी में नवरात्र की धूम, अष्टमी पर देवी मंदिरों में हुई महागौरी की आराधना, शहर के पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं का तांता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। इस्पात नगरी में शरदीय नवरात्रि की धूम है। रविवार को देवी मंदिरों व दुर्गा पूजा पंडालों में अष्टमी पर विशेष पूजन किया गया। अष्टमी तिथि महागौरी को समर्पित है और इस दौरान महागौरी की आराधना की गई। शहर के मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। सुबह से ही माता रानी की पूजा के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिरों के साथ दुर्गा पूजा पंड़ालों में भी विशेष पूजा अर्चना की गई। यही नहीं इस दौरान कई जगह नौ कन्या भोज का भी आयोजन किया गया।**







बता दें अष्टमी के दिन माता के महागौरी रूप की पूजा करते हैं। इस दिन महागौरी की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भोलेनाथ को पाने के लिए मां गौरी ने सालों तक कड़ी तपस्या की थी। इस घोर तप में मां गौरी धुल-मिट्टी से ढंक गयी थी। इसके बाद शिव जी ने स्वयं अपनी जटाओं से बहती गंगा से मां के इस रूप को साफकिया था। माता के रूप की इस कांति को शिवजी ने पुनर्स्थापित किया इसी कारण उनका नाम महागौरी पड़ा।

पुराणों के अनुसार माता दुर्गा ने महिषासुर से नौ दिन तक युद्ध कर उसे हराया था. इसलिए नवरात्रि के नौ दिनों तक उनकी पूजा की जाती है। माना जाता है कि अष्टमी के दिन ही माता ने चंड-मुंड राक्षसों का संहार किया था। इसलिए इस दिन की पूजा का खास महत्त्व माना जाता है। अष्टमी के दिन को कुल देवी और माता अन्नपूर्णा का दिन भी माना जाता है। इसी कारण से माना जाता है कि इस दिन देवी की पूजा करने से आपके कुल में चली आ रही मुसीबतें और परेशानियां कम होती हैं और आने वाले कुल की रक्षा होती है. अष्टमी के दिन कन्याओं को भोजन कराने से घर में धन-धान्य और सौभाग्य बना रहता है।

#### महागौरी की पूजा के साथ हवन भी

मंदिरों में महागौरी की पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने माता को साड़ी भी भेंट की। इस दौरान हवन पूजन भी हुआ। मंदिरों में विशेष आराधना के साथ हवन पूजन में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। नवरात्रि उत्सव के आठवें दिन बंगाली समाज द्वारा भी कालीबाड़ियों में विशेष पूजन किया गया। काली बाड़ी में पूजन के बाद भोग भंडारा का भी आयोजन किया गया। भोग भंडारा लेने पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

## पोस्टल बैलेट ईडीसी तैयार करने के अधिकारी-कर्मचारी नियुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 69 बेमेतरा (आंशिक) के मतदाता सूची की चिन्हित प्रति (पोस्टल बैलेट ईडीसी) तैयार करने के अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस कार्य के लिए नायब तहससीलदार धमधा सु कविता पटेल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। चिन्हित मतदाता सूची तैयार करने हेतु आबंटित मतदान केन्द्र क्रमांक 197 से 218 तक के लिए प्रभारी अधिकारी राजस्व निरीक्षक बोरी देवेन्द्र कुमार पाठक 9893279266 को नियुक्त किया गया है।

सहयोगी मतदान केन्द्र क्रमांक 197 से 218 तक के लिए पटवारी बोरी गीतानंद पांडे 8770203893, पटवारी तहसील बोरी इमरान आलम 8630734873, पटवारी तहसील बोरी राजूलाल देशमुख 7987398967 को नियुक्त किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68-साजा के मतदाता सूची की चिन्हित प्रति (पोस्टल बैलेट ईडीसी) तैयार करने के अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस कार्य के लिए नायब तहसीलदार धमधा सु कविता पटेल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। चिन्हित मतदाता सूची तैयार करने हेतु आबंटित मतदान केन्द्र क्रमांक 201 से 260 तक के लिए प्रभारी अधिकारी राजस्व निरीक्षक धमधा मनीष डहरे 7587480556 को नियुक्त किया गया है। सहयोगी मतदान क्रमांक 201 से 220 के लिए पटवारी तह. धमधा सीमा मेश्राम 7222990770, मतदान केन्द्र क्रमांक 221 से 240 के लिए पटवारी नेहा देवांगन 7049954004 एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 241 से 260 के लिए पटवारी चंद्रकला लावत्रे 9685209070 को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार चिन्हित मतदाता सूची तैयार करने हेतु आबंटित मतदान केन्द्र क्रमांक 261 से 302 तक के लिए प्रभारी अधिकारी राजस्व निरीक्षक बोरी देवेन्द्र कुमार पाठक को नियुक्त किया गया है। सहयोगी मतदान क्रमांक 261 से 280 के लिए पटवारी धमधा भावना मजूमदार 6265620687, पटवारी धमधा संजना कंवर 9907238441, मतदान केन्द्र क्रमांक 281 से 302 के लिए पटवारी धमधा सु मंजू तिवारी 9630839995 को नियुक्त किया गया है।

## पुलिस स्मृति दिवस : बीएसएफ ने याद किया अमर शहीदों को, मुख्यालय में दी श्रद्धांजलि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सीमा सुरक्षा बल सीमान्त मुख्यालय (विशेष संक्रिया) रिसाली भिलाई में शनिवार को पुलिस स्मृति दिवस पर अमर शहीदों को याद किया गया। महानिरीक्षक सतीश एस खंडारे के मार्ग दर्शन में समस्त अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमर शहीदों को याद कर उन्हे श्रद्धांजलि दी।**



पुलिस स्मृति दिवस सीआरपीएफ के उन अमर शहीदों की याद में मनाया जाता है, जिन्होने 21 अक्टुबर 1959 में भारत-तिब्बत सीमा पर चीनी सेना के हमले के दौरान अपना सबकुछ न्यौछावर कर शहादत प्राप्त की थी। इसे देश भर में पुलिस स्मृति दिवस (Police Commemoration Day) के रूप में मनाया जाता है। जनवरी, 1960 में आयोजित राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिरिक्षकों के वार्षिक सम्मेलन में फैसला किया गया कि लद्दाख में शहीद होने वाले बहादुर पुलिसकर्मियों और कर्तब्य निर्वहन के दौरान शहीद होने वाले अन्य पुलिसकर्मियों की स्मृति में हर वर्ष 21 अक्टूबर को स्मृति दिवस मनाया जाएगा। इसी कड़ी में शनिवार को सतीश एस खंडारे, महानिरीक्षक सीमांत मुख्यालय (विशेष संक्रिया) ने गत एक वर्ष की अवधि में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सभी अमर शहीदों को याद किया और देश की सुरक्षा में अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए शहीद जांबाजो को उनकी शहादत पर नमन किया।

ज्ञात हो कि पिछले एक वर्ष में 188 पुलिस कर्मियों ने अपना बलिदान दिया जिसमें सीमा सुरक्षा बल के 22 जवान शामिल है।

## देवांगन समाज का अभिनव पहलः विधानसभा चुनाव में अपना वोट अवश्य डालने का संकल्प लिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत देवांगन समाज ने अभिनव पहल करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में अनिवार्यतः मतदान करने का संकल्प लिया है।



परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर रिसाली भिलाई में नवरात्रि पर्व के छठवें दिन संध्या समय आयोजित आरती एवं जसगीत के पश्चात गरबा कार्यक्रम के दौरान देवांगन समाज के महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने आगामी विधानसभा चुनाव में शांति पूर्वक अपने मत का सुनिश्चित एवं सही उपयोग करने हेतु संकल्प लिया। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने समाज के लोगों को जागरूक मतदाता के रूप में स्वेच्छा से, बिना लालच एवं भय के विवेक पूर्ण ढंग से योग्य प्रत्याशियों को वोट देने हेतु संकल्प दिलाया। संकल्प लेने वालों में पहली बार वोट देने वाले युवा भी बड़ी संख्या में शामिल थे। इस अवसर पर देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र देवांगन, उपाध्यक्ष रेशमलाल लाल देवांगन, टेसूराम देवांगन, दिनेश देवांगन, सहसचिव जितेन्द्र बांकुरे, होमलाल देवांगन, गोवर्धन देवांगन, सत्यपाल देवांगन, राजू देवांगन, हेमकैलाश देवांगन, चैनेश्वर देवांगन, राजेन्द्र लिमजे, रूपलाल देवांगन, शांतिलाल देवांगन, रामानंद देवांगन, श्रवण देवांगन, योगेन्द्र देवांगन, महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमती सुमन देवांगन, अध्यक्ष उषा देवांगन, जयश्री देवांगन, शकुंतला बांकुरे, लक्ष्मी देवांगन, मीनाक्षी देवांगन, दामिनी देवांगन, भगवती देवांगन, कल्पना देवांगन, मधुबाला देवांगन, गायत्री देवांगन, कामना देवांगन, रंजना देवांगन, विद्या देवांगन, कविता देवांगन, आशाकिरण देवांगन आदि सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## संयंत्र में रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली वेबपेज का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के संयंत्र भवन स्थित कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) के सभागार में 21 अक्टूबर 2023 को 'रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली' (आईएसओ 37001-2016 मानक) के लिए वेबपेज लॉन्च किया। भिलाई इस्पात संयंत्र के सर्तकता विभाग के निरंतर प्रयासों के तहत यह प्रणाली आज लांच की जा सकी है। यह कार्यक्रम नैतिक रूप से लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन में व्यापार का संचालन करके रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली (एबीएमएस) का प्रमाणित रूप है। एबीएमएस वेबपेज का आज उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) श्री तापस दासगुप्ता ने संयंत्र भवन स्थित कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) के सभागार में संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री सत्यब्रत कर ने एक प्रस्तुति दी जिसमें बीएसपी में एबीएमएस कार्यान्वयन की बॉटम लाइन का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद नए एबीएमएस वेबपेज का विधिवत उद्घाटन किया गया और इसकी कार्यात्मक उपयोगिता पर चर्चा की गई। नया एबीएमएस वेबपेज सी एंड आईटी विभाग की मदद से सतर्कता विभाग द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है।

# प्लेट मिल ने एक ही पाली में 422 स्लैब रोलिंग की ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल ने बाजार में प्लेट की बढती मांग को देखते हुए, प्लेट आपूर्ति हेतु पुरजोर तैयारी में था। त्यौहारों के बीच भी अपनी कर्मठ टीम की मदद से एक ही शिफ्ट में 400 से अधिक स्लैब रोलिंग करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्लेट मिल बिरादरी ने बेहतर प्लानिंग और अपनी तालमेल से, प्रथम पाली में 422 स्लैब की सफलतापूर्वक रोलिंग की है।



इस रोलिंग के साथ, पिछले वर्ष द्वीतीय पाली में बनाये 355 स्लैब 03 अक्टूबर 2022 के अपने ही रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही अपने 373 फिनिश्ड प्लेटों के पुराने कीर्तिमान को ध्वस्त करते हुये, 502 की फिनिशिंग का रिकॉर्ड दर्ज कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिसमें पाली का सर्वोच्च उत्पादन 2613 टन रहा। प्लेट मिल ने अपने इतिहास में पहली बार एक ही पाली में 400 का आंकड़ा पार कर लिया है। इस उपलब्धि के लिए, सयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने प्लेट मिल परिवार के साथ-साथ सभी सहयोगी विभाग पीपीसी, एसएमएस-2, आरसीएल और ईएमडी को भी बधाई प्रेषित की। सभी संबंधित विभाग इस पूरी प्रक्रिया में प्लेट मिल के अटूट समर्थन के लिए हमेशा उपलब्ध रहे। इसके पूर्व 400 स्लैब रोलिंग का कार्य, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार के दिशानिर्देशों व सफल मार्गदर्शन से स्लैब आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। श्री अंजनी कुमार ने भी सभी विभागों को हार्दिक बधाई दी और कहा, कि आने वाले दिनों में भी प्लेट मिल को नित नई ऊँचाइयों और कीर्तिमान के लिये तैयार रहना होगा। प्रथम पाली समाप्ति के पश्चात, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, महाप्रबंधक प्रभारी पी के सरकार व महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा ने प्लेट मिल पहुँचकर, पाली प्रबंधक श्री अंजन चटर्जी ब्रिगेड के सभी पुलपीट ऑपरेटरों व अनुरक्षण कर्मचारियों को बधाई दी। मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) श्री आर के बिसारे, प्रातःकाल से ही अपनी टीम का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यस्थल पर डटे रहें। उन्होंने प्लेट मिल बिरादरी के अपने कर्मचारियों, अधिकारियों की उत्पादन के प्रतिबद्धता को देखते हुए यह सुनिश्चित किया, कि रोलिंग के दौरान कहीं कोई बाधा न आये। आर के बिसारे ने, प्लेट मिल टीम के साथ बेहतर प्लानिंग एवं समस्त सहयोगी विभागों की इस योजना में अपनी सहभागिता दी और टीम की सराहना की। स्लैब की सतत आपूर्ति हेतु, महाप्रबंधक जी वी राव, महाप्रबंधक योगेश शास्त्री, महाप्रबंधक आलोक माथुर, उप-महाप्रबंधक संजय देशमुख, महाप्रबंधक बिपिन कुमार का सहयोग सराहनीय रहा। आर के बिसारे ने, रिकॉर्ड रोलिंग का पूरा श्रेय, पाली प्रबंधक-अंजन चटर्जी आलोक अग्रवाल, नरेन्द्र बिसेन, अरुण अग्रवाल, पाली प्रभारी- संजीव शर्मा, प्रमोद ठाकरे, अभिनव साव, श्री सत्य कुमार चैरसिया, श्री रत्नेश श्रीवास्तव ,श्री आनंद माहेश्वरी को दिया।

## अष्टमी को माता को 56 भोग लगाकर की गई 108 पूजा थाल से महाआरती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा दुर्ग में चंर नवरात्र के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अष्टमी के अवसर पर 22 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे माता जी को 56 भोग लगाकर शाम 7 बजे 108 पूजा थाल से माता जी महाआरती की गई ।



समित्ति के सदस्य राहुल शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चंर नवरात्र पर्व बड़े धूमधाम से मनायी जा रही है, जिसमें प्रतिदिन प्रातः 9 बजे अलग अलग धर्मप्रेमियों द्वारा सहपरिवार उपस्थित होकर माता जी का अभिषेक किया जा रहा है। दोपहर 12 बजे लगभग 40 से अधिक कन्या माताओं को प्रतिदिन कन्या भोज कराया जाता है। नवरात्र की अष्टमी में माता जी को दोपहर 12 बजे 56 प्रकार के भोग का प्रसाद जिसमें विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, नमकीन, फल, पंचमेवा, पूड़ी, हलवा, मालपुआ, खीर, का भोग लगाया जावेगा, जो सभी धर्मप्रेमी अपने अपने घर से बना कर लाएंगे।

चंर अष्टमी के अवसर पर सँध्या 7 बजे माता जी की 108 दीपो एवं 108 पूजा थाल से माता जी की महाआरती, एवं विशेष श्रृंगार किया गया, रात्रि 8 बजे हवन पूजन, पूर्णहुति, आरती जी जावेगी जोकि देर रात्रि तक होगी। चंर नवरात्र पर 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे माता जी का अभिषेक एवं 12 बजे कन्यापूजन एवं कन्याभोज कराया जा रहा है। जिसमें आज प्रातः 9 बजे प्रतिदिन की तरह माता जी का अभिषेक किया गया, जिसमें आचार्य डॉ आकाश दुबे के सानिध्य में अभिषेक किया गया, मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सुनील पांडेय के सानिध्य में मन्दिर में सभी पूजन कार्य हो रहे है। दुर्ग का सत्तीचौरा छत्तीसगढ़ का एक मात्र स्थान है जिसमें चंर नवरात्र पर्व पर प्रतिदिन माता जी का अलग अलग श्रृंगार किया जाता है जिसे प्रतिदिन देखने हजारों धर्मप्रेमी आ रहे है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950